वर्ष : 18 अंक: 05 | आगरा | शनिवार 08 मार्च 2025 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रु.



उत्तरप्रदेश ,मध्यप्रदेश,छत्तीसगढ़,नई दिल्ली व राजस्थान से एक साथ प्रकाशित

# साँध्य पहल

उत्तरप्रदेश में सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला हिन्दी दैनिक

आज का तापमान
अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 13 डिग्री

## संक्षिप्त समाचार

### अप्रैल में श्रीलंका दौरे पर जाएंगे पीएम नरेंद्र मोदी, द्विपक्षीय मुद्दों पर हो सकती है चर्चा

**नईदिल्ली,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अप्रैल महीने के पहले सप्ताह में श्रीलंका के दौरे पर जा सकते हैं। दरअसल श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके के अधिकारिक निमंत्रण पर पीएम मोदी का यह दौरा होगा। पीएम मोदी की इस यात्रा से भारत और श्रीलंका के बीच द्विपक्षीय संबंध मजबूत होंगे। दरअसल 2 से 4 अप्रैल तक बैंकॉक में बंगाल की खाड़ी बहुक्षेत्रीय तकनीक और आर्थिक सहयोग पहल (बिम्सटेक) शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पीएम मोदी शामिल होंगे। ऐसा माना जा रहा है कि इसके बाद पीएम नरेंद्र मोदी श्रीलंका जा सकते हैं। वहीं संभावना ये है कि इस दौरान दोनों देशों को मुखियाओं के बीच द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा हो सकती है।

### ओडिशा के पारादीप बंदरगाह पर भीषण आग, दमकल की 13 गाड़ियों ने पाया काबू

**भुवनेश्वर,एजेंसी।** ओडिशा के पारादीप बंदरगाह पर भीषण आग लग गई. आग लगने से कम से कम 17 नाव जलकर खाक हो गई. इस दौरान, गैस का टैंक भी फट गया, जिससे लोग घबरा गए. आग बुझाने के लिए दमकल की 13 गाड़ियों को बुलाया गया. इसके अलावा, कटक से भी दमकल की और गाड़ियों को मंगवाना पड़ा. आग बुझाने के दौरान, एक व्यक्ति आग की चपेट में आ गया. वह इससे घायल हो गया. इलाज के लिए उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

### मनमोहन सिंह के परिवार ने दी समाधि की मंजूरी, राष्ट्रीय स्मृति स्थल पर बनेगा स्मारक

**नईदिल्ली,एजेंसी।** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के परिवार ने उनकी समाधि के लिए अपनी लिखित मंजूरी दे दी है। डॉ सिंह की समाधि दिल्ली में राजघाट के निकट राष्ट्रीय स्मृति स्थल पर 900 वर्ग मीटर के भूखंड पर बनेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले सप्ताह परिवार ने राष्ट्रीय स्मृति स्थल का दौरा किया था, जिसके बाद डॉ सिंह की पत्नी गुरशरण कौर ने सरकार को स्वीकृति पत्र भेजा है। निरीक्षण के दौरान सिंह की बेटियां उपिंदर और दमन भी मौजूद थीं।

### झारखंड के सीएम सोरेन की भाभी सीता सोरेन पर जानलेवा हमला

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाभी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता सीता सोरेन पर जानलेवा हमला हुआ है। जानकारी के मुताबिक, उन पर यह हमला उनके पूर्व पीए देवाशीष घोष ने किया है। बताया जा रहा है कि सीता सोरेन पर हमला उस वक्त हुआ जब वह सरायढेला थाना क्षेत्र में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रही थीं।

राहत की बात यह रही कि वक्त रहते ही सुरक्षाकर्मियों की सूझबूझ ने सीता सोरेन पर हमला होने से बचा लिया और देवाशीष घोष को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

---

**काशी, अयोध्या के बाद ब्रज की बारी...**

## मथुरा में सीएम योगी ने फिर दोहराया नारा, कहाः अब दिल्ली में भी रामभक्तों की सरकार







### लड्डू होली पर आए सीएम योगी ने फिर दोहराया विकास का संकल्प
### न विपक्ष पर वार, न पलटवार, बस धर्म और विकास की बात

**मथुरा,एजेंसी।** आस्था की होली, श्रद्धा से सजा राधारानी का मंदिर। शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राधारानी के धाम बरसाना पहुंचे तो पूरी तरह भक्ति के रंग में रंग गए। आराध्य को नमन किया और फिर उनकी धरा से विकास का संकल्प दोहराया। न विपक्ष पर वार, न कोई पलटवार। केवल विकास और धर्म की बात। सीएम ने मंच ने फिर दोहराया कि काशी और अयोध्या के बाद अब ब्रजभूमि (मथुरा) की बारी है। विकास के लिए धन की कमी नहीं है। अवसर था, बरसाना में जगप्रसिद्ध लठामार होली से ठीक एक दिन पहले होने वाली लड्डू होली का। सीएम रहते चौथी बार लड्डू होली के साक्षी योगी पुण्य की धरा पर पूरी तरह श्रद्धावनत थे। शुक्रवार को ब्रह्मांचल पर्वत पर स्थित राधारानी मंदिर पहली बार रोपवे से पहुंचे योगी ने विधिवत पूजन किया। 11 किलो के लड्डू से भोग लगाया। पोशाक अर्पित की। मंदिर की छत से नीचे खड़े श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा की।

राधाबिहारी इंटर कालेज पहुंचे तो शंखनाद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच संतों के साथ रंगोत्सव का शुभारंभ किया। राधे-राधे का जयकारा और फिर विकास की बात।

सीएम बोले,सनातन धर्म कितना अद्भुत है, काशी में महाशिवरात्रि में लाखों लोग आए। 13 जनवरी से 26 फरवरी के बीच प्रयागराज में महाकुंभ में भीड़ ने सारे रिकार्ड तोड़ डाले। सनातन धर्म की एकता का अद्भुत, अविस्मरणीय और अकल्पनीय समागम दुनिया ने देखा। जो जितना सनातन धर्म के विरुद्ध बोलता था, उतनी ही बड़े पैमाने पर सनातन धर्मावलंबियों ने प्रयाग में स्नान किया।

उन्होंने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि काशी उत्तर प्रदेश में है, राम की जन्मभूमि अयोध्या भी यहीं है। कन्हैया की जन्मभूमि भी इसी प्रदेश में है। बोले, 2014 के बाद पीएम मोदी ने विरासत और विकास की जिस नई परंपरा को भारतवासियों को प्रदान किया। इसका परिणाम अब महाकुंभ जैसे भव्य आयोजन के रूप में देखने को मिला। बीते लोकसभा चुनाव में अपने प्रचार अभियान की शुरुआत ब्रज भूमि से करने वाले योगी ने पहली बार साफ संकेत दिया और कहा कि काशी और अयोध्या के बाद अब मथुरा की बारी। शुक्रवार को फिर साफ कहा कि पीएम के मार्गदर्शन में काशी का कायाकल्प हुआ, अयोध्या को त्रेतायुग की तरह सुंदरतम नगरी बनाने का काम किया। तीर्थों का राजा प्रयागराज चमक रहा है। महाकुंभ से फुर्सत मिलने के बाद अब बारी ब्रजभूमि की है। उन्होंने कहा हमने बरसाना में रोपवे की सुविधा दी है, तमाम विकास की योजनाओं से जोड़ा है। सौ करोड़ की योजनाएं अभी हमारी चल रही हैं,उन्होंने ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर के गलियारे का नाम लिए बगैर कहा कि इस बार हमने बजट में विशेष प्रविधान किया है।

इंतजार करिए, अब बारी ब्रजभूमि की है। गोकुल, नदगांव, बरसानास, गोवर्धन, वृंदावन, बलदेव। विकास के लिए पैसे की कमी नहीं है। उन्होंने यमुना के प्रदूषण पर भी चिंता जताई। यह कहने आया हूं, अब दिल्ली में भी रामभक्तों की सरकार आ गई है। मां गंगा की तरह यमुना मैया भी अविरल और निर्मल होंगी। संबोधन के बाद मंच से नीचे उतर सीएम ने सभा में मौजूद लोगों पर पुष्पवर्षा भी की। सीएम के साथ गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण और बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह भी मौजूद रहे।

---

## वन नेशन, वन इलेक्शन से विकास को मिलेगी रफ्तारः अर्जुन राम मेघवाल

**जयपुर,एजेंसी।** केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने शुक्रवार को वन नेशन, वन इलेक्शन पर अपनी राय रखते हुए कहा कि अगर पूरे देश में चुनाव एक साथ होते हैं, तो इसमें कोई नुकसान नहीं है. उन्होंने कहा कि बार-बार चुनाव होने से पूरे साल आदर्श आचार संहिता लागू रहती है, जिससे विकास कार्य प्रभावित होते हैं. अगर चुनाव एक साथ होंगे, तो सरकार को पूरे पांच साल तक बिना किसी रुकावट के काम करने का मौका मिलेगा।

आज जयपुर के चेंबर ऑफ कॉमर्स सभागार में वन नेशन, वन इलेक्शन पर आयोजित सम्मेलन में केंद्रीय कानून मंत्री



अर्जुन राम मेघवाल और राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुभाष सिंघी उपस्थित रहे. इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार इस विषय पर गंभीरता से विचार कर रही है और एक राष्ट्र, एक चुनाव को लेकर एक विधेयक संसद में पेश किया गया है. फिलहाल, यह विधेयक संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास है, और उम्मीद है कि जल्द ही इसे मंजूरी मिलने के बाद सरकार को भेजा जाएगा.

कानून मंत्री मेघवाल ने कहा कि अलग-अलग समय पर चुनाव होने के कारण देश में सालभर कहीं न कहीं आदर्श आचार संहिता लागू रहती है, जिससे विकास कार्यों पर प्रभाव पड़ता है. यदि पूरे देश में चुनाव एक साथ कराए जाते हैं, तो इससे न केवल प्रशासनिक बोझ कम होगा, बल्कि विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में भी तेजी आएगी. इस कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुभाष सिंघी ने भी वन नेशन, वन इलेक्शन का समर्थन किया।

---

**भाषा मुद्दे पर शाह ने स्टालिन पर निशाना साधा**

## मेडिकल और इंजीनियरिंग शिक्षा तमिल में देने को कहा

**रानीपेट,एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन से राज्य में तमिल में इंजीनियरिंग और मेडिकल की शिक्षा शुरू करने को कहा. भाषा के मुद्दे विशेष रूप से स्टालिन के हिंदी विरोध को लेकर मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने बदलाव किए और अब यह सुनिश्चित किया है कि केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के उम्मीदवार अपनी-अपनी क्षेत्रीय भाषाओं में परीक्षा दे सकें. चेन्नई से करीब 70 किलोमीटर दूर रानीपेट में आरटीसी थक्कोलम में सीआईएसएफ के 56वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने यह



सुनिश्चित किया है कि परीक्षा में उत्तर पुस्तिका तमिल में भी लिखी जा सकेगी।

उन्होंने कहा कि मैं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री से छात्रों के लाभ के लिए राज्य में तमिल में इंजीनियरिंग और मेडिकल शिक्षा शुरू करने की अपील करता हूं।

---

**सीएम रेखा का वादाः पूरी दिल्ली में खुलेंगे जन औषधि केंद्र**

## कैंसर-शुगर जैसी बीमारियों की दवाइयां मिलेंगी सस्ती

**नई दिल्ली,एजेंसी।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली सरकार पूरे शहर में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) को लागू करेगी। इसके तहत पूरी दिल्ली में जन औषधि केंद्र खोले जाएंगे। इस पहल का मुख्य उद्देश्य दिल्ली के लोगों को सस्ती दवा उपलब्ध कराना है। मुख्यमंत्री ने जन औषधि दिवस के अवसर पर अशोक विहार स्थित जन औषधि केंद्र का दौरा करने के दौरान यह घोषणा की।



उन्होंने कहा कि पिछली सरकार के कारण दिल्ली में योजना लागू नहीं हो पाई, लेकिन हमारी सरकार इस लाभकारी योजना को लागू करेगी। इसके बाद दिल्ली के लोगों को उच्च गुणवत्ता वाली दवा और चिकित्सा संबंधी वस्तुएं कम कीमतों पर उपलब्ध होंगी। इस योजना से गरीब लोगों को लाभ मिलेगा और कैंसर, शुगर जैसी बीमारियों की दवाइयां काफी कम कीमत में मिलेंगी।

---

**सीएम अब्दुल्ला ने 370 हटने के बाद पेश किया पहला बजट कहाः**

## यह आर्थिक विकास के लिए एक रोडमैप है

**जम्मू,एजेंसी।** मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को जम्मू और कश्मीर का छह साल बाद पहला बजट प्रस्तुत किया और इसे आर्थिक विकास के लिए एक रोडमैप और जनता की आकांक्षाओं का सच्चा प्रतिबिंब बताया। विधानसभा में बजट प्रस्तुत करते हुए सीएम उमर अब्दुल्ला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का विभिन्न क्षेत्रों में समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। सीएम अब्दुल्ला ने कहा मुझे जम्मू और कश्मीर का वित्त मंत्री होते हुए पहला



बजट प्रस्तुत करने में खुशी हो रही है। यह आर्थिक विकास के लिए एक रोडमैप है और जनता की आकांक्षाओं का सच्चा प्रतिबिंब है। जिन्होंने अपना बजट भाषण एक फारसी कविता से शुरू किया।

यह बजट पिछले साल अक्तूबर में नेशनल कॉन्फ्रेंस सरकार के सत्ता में आने के बाद पहला है, जब छह साल के बाद केंद्रीय शासन का समापन हुआ। जम्मू और कश्मीर से 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 को समाप्त किया गया था, और 2018 में पीडीपी-बीजेपी सरकार के तहत आखिरी बजट सत्र हुआ था।

मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने सदन में कहा हमारी चुनौतियां विशाल हैं और हमारी सीमाएं कई हैं, लेकिन हमें एकजुट होकर इन चुनौतियों का डटकर सामना करने का संकल्प लेना चाहिए।

---

**सूरत में खाद्य सुरक्षा संतृप्ति अभियान का शुभारंभ**

## पीएम मोदी बोले : यह संतुष्टिकरण की भावना को बढ़ाएगा

**सूरत,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को सूरत में खाद्य सुरक्षा संतृप्ति अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह संतृप्ति अभियान तुष्टिकरण की भावना को छोड़कर संतुष्टिकरण की भावना को आगे बढ़ाएगा।

पीएम मोदी ने कहा कि सूरत अनेक मामलों में गुजरात और देश का एक अग्रणी शहर है। सूरत आज गरीब और वंचित को भोजन और पोषण की सुरक्षा देने में आगे निकल रहा है। यहां आज जो खाद्य सुरक्षा संतृप्ति अभियान चलाया गया है। यह दूसरे जिलों और राज्यों के लिए भी प्रेरणा बनेगा। उन्होंने कहा कि यह अभियान सुनिश्चित करता है कि न कोई भेदभाव, न कोई छूटे, न कोई रूठे और न कोई किसी को ठगे। यह अभियान तुष्टिकरण की भावना को छोड़कर संतुष्टिकरण की भावना को आगे बढ़ाएगा। जब सरकार ही लाभार्थी के दरवाजे पर जा रही है, तो कोई छूटेगा कैसे और जब कोई छूटेगा नहीं तो कोई रूठेगा कैसे। जब सोच यह हो कि हमें सब तक लाभ पहुंचाना है, तो ठगने वाले दूर भाग जाते हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि मुझे संतोष है कि हमारी सरकार गरीबों की सच्ची साथी बनकर खड़ी है। कोविड महामारी के दौरान जब भारत को महत्वपूर्ण सहायता की



आवश्यकता थी, तब गरीबों को उचित भोजन मिले, इसके लिए गरीब कल्याण योजना शुरू की गई। यह अपनी तरह की दुनिया की सबसे बड़ी योजना है। मुझे इस बात की भी खुशी है कि गुजरात सरकार ने इस पहल का विस्तार किया है। आज केंद्र सरकार गरीब के घर का चूल्हा जलता रहे, इसके लिए दो लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च कर रही है। पीएम ने कहा कि विकसित भारत की यात्रा में पौष्टिक भोजन की बड़ी भूमिका है। हमारा लक्ष्य देश के हर परिवार को पर्याप्त पोषण देना है ताकि कुपोषण और एनीमिया जैसी बड़ी समस्याओं से देश मुक्त हो सके।

---

**रूस को लेकर ट्रंप का यूटर्न, कहाः**

## युद्ध विराम और शांति समझौता न होने तक प्रतिबंध और टैरिफ लगाएंगे

**वॉशिंगटन,एजेंसी।** रूस-यूक्रेन युद्ध विराम की पहल कर रहे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूटर्न लिया है। अब तक शांति समझौते को लेकर रूस का समर्थन कर रहे ट्रंप ने प्रतिबंध और टैरिफ लगाने का एलान किया है। ट्रुथ सोशल पर अमेरिकी राष्ट्रपति ने लिखा कि युद्ध के मैदान में इस समय रूस यूक्रेन पर पूरी तरह से हावी है। उन्होंने कहा कि इसलिए मैं रूस पर बड़े पैमाने पर बैंकिंग प्रतिबंध, प्रतिबंध और टैरिफ लगाने पर गंभीरता से विचार कर रहा हूं।



जब तक युद्ध विराम और शांति पर अंतिम समझौता नहीं हो जाता। रूस और यूक्रेन से कहता हूं कि वे अभी बातचीत की मेज पर आ जाएं। इससे पहले कि बहुत देर हो जाए। अब तक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिए रूस के समर्थन में बोल रहे थे। उन्होंने पिछले दिनों रूसी व्लादिमीर पुतिन से रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म करने के लिए बात भी की थी। पिछले सप्ताह जब जेलेंस्की व्हाइट हाउस में ट्रंप से मिलने पहुंचे थे तो ट्रंप ने कहा था कि अगर मैं पुतिन के साथ खुद को नहीं जोड़ता, तो आप कभी भी सौदा नहीं कर पाएंगे। आप चाहते हैं कि मैं पुतिन के बारे में बुरी बातें कहूं और फिर उनसे सौदा करने की कोशिश करूं, लेकिन ऐसा नहीं होता।

---

## प्रधानमंत्री श्री मोदी के विजन के अनुरूप होगा राजधानी भोपाल और प्रदेश का विकास : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**मुख्यमंत्री ने नए कन्वेंशन सेंटर के निर्माण के लिए किया भूमि-पूजन**

**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश की राजधानी भोपाल में बड़े आयोजनों के लिए जिस तरह के कन्वेंशन सेंटर की आवश्यकता थी, वह कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (मिंटो हॉल) के विस्तारीकरण और नए कन्वेंशन सेंटर से पूर्ण हो जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन सफल रहा। इस अवसर पर भोपाल में एक कन्वेंशन सेंटर की आवश्यकता अनुभव की गई। इस तरह के सेंटर की स्थापना की घोषणा के कुछ दिन में ही केन्द्र सरकार से इसकी स्वीकृति प्राप्त हो गई है। इस तरह यह नए केन्द्रीय बजट के पहले महत्वपूर्ण प्रकल्प के रूप में सामने आया है



और शीघ्र ही इस सेंटर के विकास का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में विभिन्न क्षेत्रों में विकास के साथ ही शहरों में जनता से जुड़ी सुविधाओं के विस्तार का महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। राजधानी भोपाल और प्रदेश का विकास प्रधानमंत्री श्री मोदी के विजन के अनुरूप होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार की शाम कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर के मुख्य सभाकक्ष में कन्वेंशन सेंटर परिसर में प्रस्तावित नवीन कन्वेंशन सेंटर का भूमि-पूजन कर समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पर्यटन विभाग के अधिकारियों को 100 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले इस नए कन्वेंशन सेंटर के निर्माण में वर्तमान कन्वेंशन सेंटर की वास्तुकला और आकल्पन की तरह कार्य सम्पन्न किए जाने के निर्देश दिए।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक, रामविलास शर्मा द्वारा पहल प्रिंटर्स प्लाट नं. 27 बांके सैंथिया टाउन मौजा ककुआ आगरा, उत्तरप्रदेश से मुद्रित व 192,मानस नगर शाहगंज बोदला रोड आगरा (उत्तरप्रदेश) से प्रकाशित। संपादक- रामविलास शर्मा मोबा.-9329077393
प्रदेश संपादक- संतोष शर्मा मो.97202 02708, सह संपादक: अभिषेक कृष्ण पाराशर मो.88992 68088, email-sandhyapahal@yahoo.com आर.एन.आई.पंजीयन क्रमांक UPHIN/2008/25338 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना ही रहेगा।

cmyk

## माह मार्च में द्वितीय शनिवार एंव माह में पड़ने वाले प्रत्येक रविवार को सामान्य कार्य दिवसों की भाँति खुलेंगे जनपद के समस्त उपनिबन्धक कार्यालय, होगी रजिस्ट्री

**समस्त उप निबन्धक कार्यालयों में निबन्धन कार्य सांय 06 बजे तक किये जायेंगे सम्पादित तथा पब्लिक पोर्टल पर पंजीकरण हेतु ऑन लाइन आवेदन के स्लॉट बुक करने का समय बढ़ाकर हुआ सांय 05 बजे तक।**

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), श्रीमती शुभाँगी शुक्ला ने सूचित करते हुए अवगत कराया है कि महानिरीक्षक निबन्धन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा निर्देश दिए गए है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के वित्तीय समापन एवं होली व नवरात्रि के त्यौहार के कारण माह मार्च में आम जनमानस द्वारा अधिक संख्या में अचल सम्पतित्यों का पंजीकरण कराया जाना सम्भावित है। त्योहारों के सार्वजनिक अवकाश के कारण माह मार्च में उपलब्ध कार्य दिवस अपर्याप्त होने के दृष्टिगत आम जनमानस को विलेख पंजीकरण का अधिकाधिक अवसर व सुविधा उपलब्ध कराये जाना आवश्यक बताते हुए माह मार्च के सभी कार्य दिवस में प्रदेश के समस्त उप निबन्धक कार्यालयों में निबन्धन कार्य सांय 6-00 बजे तक सम्पादित किये जाने तथा इस सम्बन्ध में विभागीय वेबसाइट के पब्लिक पोर्टल पर पंजीकरण हेतु ऑन लाइन आवेदन के स्लॉट बुक करने का जो समय सांय 4-00 बजे तक था जोकि 01 घंटा बढ़ाकर सांय 5-00 बजे तक करने के अतिरिक्त प्रदेश के समस्त उप निबन्धक कार्यालय माह मार्च 2025 के अन्तिम रविवार को सामान्य कार्य दिवस की भांति खुले रखने के निर्देश दिये गये है। उन्होंने आगे यह भी अवगत कराया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में निर्धारित वार्षिक लक्ष्य 134300 लाख के सापेक्ष 90337.23 (67.27 प्रति0) प्राप्ति हुयी है। माह मार्च, 2025 के अन्य अवकाश दिवस / रविवार को निबन्धन कार्य हेतु उप निबन्धक कार्यालयों को खोले जाने का निर्णय स्थानीय स्तर पर लिये जाने के निर्देश दिये गये है, चूँकि निर्धारित वार्षिक लक्ष्य अपूर्ण है, जिसको पूर्ण किया जाना आवश्यक है। इसलिए माह मार्च में द्वितीय शनिवार दिनांक 08, मार्च 2025 एंव माह में पड़ने वाले प्रत्येक रविवार दिनांक 09, 16, 23 एंव 30 मार्च, 2025 को जनपद के समस्त उपनिबन्धक कार्यालय सामान्य कार्य दिवसों की भाँति खुले रहेगे तथा आम जनमानस को अधिक से अधिक विलेखों के निष्पादन हेतु व्यापक प्रचार प्रसार भी किया जाये।

## वाटरशेड यात्रा अभियान के तहत सीडीओ ने ढिढुई में सागर तालाब का किया लोकार्पण

सांध्य पहल संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जलागम विकास घटक-प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के अन्तर्गत दिनांक 05 मार्च को डब्लूडीसी-2 आसपुर देवसरा में वाटरशेड विकास यात्रा निकाली गयी जिसमे भूमि संरक्षण अधिकारी प्रथम कार्यालय प्रांगण से उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। प्रथम पाली में माइक्रोवाटरशेड-ढिढुई के ग्राम ढिढुई में सागर तालाब पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां जल कलश यात्रा के साथ-साथ प्रभातफेरी भी निकाली गयी। इस प्रभात फेरी में विभिन्न स्लोगनो जैसे भूमि को लौटाये जल-सुरक्षित करें कल, जन जन तक ये पहुँचाना है- जल को हमे बचाना है, मिट्टी नही बचाओगे-तो अनाज कहां उगाओगे, बारिश का पानी कुदरत का वरदान-वाटरशेड यात्रा बहुत बड़ा अभियान, जनहित में यह सूचना जारी-जल संरक्षण की करो तैयारी आदि के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा ने सागर तालाब का लोकार्पण एवं वृक्षारोपण भी किया। सीडीओ ने गोष्ठी को सम्बोधित करते हुये हरित क्रान्ति के लिये वृक्षारोपण करने का आवाहन किया गया। केतकरपुर में तालाब जीर्णोद्धार हेतु भूमि पूजन किया गया। इसी प्रकार द्वितीय पाली में कबीरपुर तालाब पर वाटरशेड यात्रा के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी जिसमें मुख्य रूप से पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रान्तिकारी द्वारा जल बचाओ एवं पेड़ लगाओ अभियान के तौर पर कृषकों को जानकारी दी गयी तथा समन्वयक भूमि एवंज ल संसाधन विभाग जितेन्द्र मणि त्रिपाठी ने तालाब जीर्णोद्धार के बारे में बताया तथा परियोजना के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। आयोजन को सफल बनाने में राम बचन अवर अभियन्ता लघु सिंचाई, राकेश कुमार निषाद सहायक विकास अधिकारी समाज कल्ण एवं डा0 अनुराग यादव पशु चिकित्साधिकारी द्वारा अपने-अपने विभाग की लाभार्थी परक योजनाओं की जानकारी दी गयी।

भूमि संरक्षण अधिकारी/परियोजना प्रबन्धक चमन सिंह द्वारा लोगों को योजना की जानकारी दी गयी एवं जल शपथ दिलायी गयी। , वाटरशेड विकास टीम की तरफ से अरविन्द कुमार सिंह, तिलक सिंह, राजेश कुमार सिंह वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप-ए एवं आशीष कुमार यादव, दिनकर सिंह अवर अभियन्ता तथा लाल कुंवर तिवारी, गौरव श्रीवास्तव, महेन्द्र प्रताप, ध्रुव कुमार वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप-बी तथा विमलेश मौर्य, प्रेमनाथ वर्मा, राजेश रावत, बृजेन्द्र कुमार प्राविधिक सहायक ग्रुप-सी ने वाटरशेड यात्रा को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

## हाईटेंशन लाइन के फॉल्ट से घर में लगी आग: बैड में रखे ढाई लाख रुपए व अन्य सामान जल कर राख



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** आगरा के थाना खेरागढ़ के ऊंटिगरी कस्बे की राघव गार्डन कॉलोनी में हाईटेंशन लाइन से बंदर के चिपक जाने के बाद फॉल्ट हो गया। फॉल्ट से निकली चिंगारी से घर में आग लग गई। आग से घर के कई उपकरण फुंक गए। एक घर के बेड में रखे करीब ढाई लाख रुपए भी जल गए। लोगों ने बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया। खेरागढ़ के ऊंटगिर में दो मंजिला मकान है। मकान के प्रथम तल पर लाइब्रेरी है। ऊपर वाली मंजिल पर एक परिवार रहता है। पास से हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। दोपहर को हाईटेंशन लाइन से एक बंदर चिपक गया। इसके चलते फाल्ट हुआ। इससे घर में फ्रिज, टीवी व अन्य उपकरण फुंक गए। शॉर्ट सर्किट से आग भी लग गई। आग से कमरे में रखा बेड भी जल गया। बताया गया है कि बेड में करीब ढाई लाख रुपए कैश रखा था, वो भी पूरी तरह से जल गया। आग लगने से नीचे लाइब्रेरी में पढ़ रहे छात्र भी बाहर आ गए। मोहल्ले के लोग भी एकत्रित हो गए। लोगों ने बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया।

## चंद सेकेंडों में जेब से उड़ाए 25 हजार: आगरा के राधा कृष्ण मंदिर के भंडारे में प्रसाद बांट रहे व्यापारी को पता तक नहीं चला



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** विजय नगर राधा कृष्ण मंदिर में एक शातिर ने भीड़ में व्यापारी की जेब में रखे 25 हजार रुपए चंद सेकेंड में पार कर दिए। व्यापारी भंडारे में प्रसाद का वितरण कर रहे थे। एक युवक उनके पीछे खड़ा था, उसने इतनी सफाई से जेब से रुपए निकाले कि पता नहीं चला। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। विजय नगर निवासी रिंकू जैन राधा कृष्ण मंदिर पर आयोजित भंडारे में प्रसाद बांट रहे थे। तभी उनके आसपास कुछ बच्चे पूड़ी लेने के लिए आते हैं। उनके बीच में एक युवक खड़ा दिखाई देता है। जैसे ही रिंकू जैन हलवाई के पास से पूड़ी लेकर बांटने जाते हैं, वो युवक धक्का मुक्की के बीच में उनकी जींस की पीछे वाली जेब में हाथ डाल देता है। सभी लोगों के बीच में शातिर ने इतनी सफाई से जेब में रखे रुपए निकाले कि व्यापारी को पता तक नहीं चला। शातिर रुपए लेकर आराम से निकल गया। भंडारा खत्म होने के बाद जब व्यापारी ने जेब चेक की तो रुपए नहीं मिले। बाद में मंदिर में लगे सीसीटीवी चेक किए गए तो पूरी घटना दिखाई दी। जिसके बाद से जेब से रुपए चुराने का सीसीटीवी वायरल हो रहा है।

## रास्ता नहीं मिलने पर आलू की खुदाई नहीं कर पा रहा किसान

### कुछ खुदे पड़े हैं वो सड़ रहे खेत में, भूमाफियाओं से सरकारी भूमि को मुक्त नहीं कर पा रहा प्रशासन



**किरावली।** तहसील के ग्राम बाकन्दाखास में आलू की खेती तैयार 10फरवरी को हो गई । रास्ता नहीं मिलने पर अब किसान आलू की खुदाई नहीं कर पा रहा है।जिसकी शिकायत एसडीएम से की लेकिन राजस्व विभाग आंख मिचौली का खेल खेल रहा है एक किसान को आलू निकालने का आश्वासन देता है वहीं भूमाफियाओं से कब्जा करने की मौन स्वीकृति दे देता है।पीड़ित का आरोप है कि राजस्व विभाग रिश्वत लेकर भूमाफियाओं से सांठगांठ कर अतिक्रमण कराये हुए है। पीड़ित बाकन्दाखास निवासी धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि मेरा खेत आवादी से सटा हुआ सामने खारी नदी है अगल बगल में एक तरफ खलिहान की भूमि दूसरी तरफ शमशान भूमि की जमीन है शमशानघाट की भूमि पर आवास बन गये हैं अब खेत का निकास खलिहान की भूमि से होकर होता है जिस खलिहान की भूमि को भूमाफिया लालसिंह, हरी सिंह, विजय सिंह पुत्रगण किशन सिंह व पप्पे पुत्र भगत सिंह सभी निवासी बाकन्दाखास के लोगों ने कब्जा कर लिया है। जिसकी शिकायत उपजिलाधिकारी किरावली की लेकिन राजस्व विभाग आंख मिचौली का खेल खेलने लगा है। धर्मेंद्र सिंह बताया कि लेखपाल हड़ताल पर हैं। कानून गो भूमाफियाओं का साथ देकर निकल वाले रास्ते को अवरूद्ध करा दिया है। जब पीड़ित धर्मेंद्र सिंह ने कानून गो से सम्पर्क किया तो कह दिया कि खड्डे में मिट्टी क्यों डाली गई है गड्डे में होकर आलू निकल लेते हैं।इसी वजह से रास्ता अवरूद्ध किया गया है। पीड़ित यह बात सुनकर एसडीएम से गुहार लगाई तो उन्होंने भी मिट्टी डलवाने का हवाला देते हुए पीड़ित किसान को फटकार लगा दी। जिससे साफ जाहिर होता है कि प्रशासन भूमाफियाओं को संरक्षण देकर गांव में अशांति फैलाते की संभावना बना दी गई है।

**आलू खेत में ही लगे सड़ने**

पीड़ित किसान के आलू खेत से बिना उखड़े ही सड़ने लगे हैं। पीड़ित किसान को प्रशासन आलू खोदने का भी आश्वासन देता है तो दूसरी जब सरकारी भूमि खलिहान से रास्ता निकालता है तो भूमाफियाओं के द्वारा रुकवाने का आदेश दे देते हैं।इस कारण एक माह से आलू की किसान खुदाई नहीं कर पा रहा है।

**कभी भी हो सकती है मेरी हत्या**

**मेरे साथ कुछ हुआ तो जिम्मेदार होगा स्थानीय प्रशासन।**

पीड़ित धर्मेन्द्र सिंह का कहना है कि भूमाफिया कभी भी मेरी हत्या कर सकते हैं राजस्व विभाग उनके हौसले बुलंद कर रहा है यदि मेरे साथ कुछ भी होता है तो उसकी जिम्मेदारी राजस्व विभाग की होगी पीड़ित ने सूबे की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर अवगत कराने का मन बनाया है।

## सीएससी पर जन औषधि केंद्र का हुआ शुभारंभ

### जन औषधि दिवस पर ग्रामीण क्षेत्र को मिला तोहफा

**फतेहपुर सिकरी।** कस्बा स्थिति सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर शुक्रवार आज जन औषधि दिवस के मौके पर क्षेत्रीय विधायक ने चिकित्सकों के साथ जन औषधि केंद्र का शुभारंभ किया । क्षेत्रीय विधायक चौधरी बाबूलाल ने फीता काटकर जन औषधि केंद्र का शुभारंभ करते हुए कहा कि जन औषधि केंद्र खुलने से मरीज को दवा मिलने मैं और होगी सुविधा साथ ही मेरी ज्योति मर्दों को दबाव के लिए भटकना नहीं पड़ेगा । जन औषधि केंद्र के शुभारंभ के दौरान विशेष रूप से सीएससी प्रभारी डॉ राजकमल , डॉ पीयूष अग्रवाल , पवन सोलंकी ,फार्मासिस्ट डॉ श्रीवास्तव ,भाजपा के राहुल घाटी ,मुकेश फौजी, प्रवेंद्र सिंह , बबलू सिंह समेत कई मौजूद रहे ।



## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के जनपद में विविध कार्यक्रमों का किया गया आयोजन

सांध्य पहल संवाददाता




प्रतापगढ़। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद स्तर पर जिलाधिकारी और जिला प्रोबेशन अधिकारी के दिशा निर्देशानुसार मानव विकास विद्यालय लोहगपुर चिलबिला में महिला दिवस के उपलक्ष्य में ''एक दिन नारी के नाम'' पुरूषों द्वारा महिलाओं का सम्मान विषयक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुरुषों, महिलाओं, बालक एवं बालिकाओं को महिला कल्याण विभाग की समस्त योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया एवं नुक्कड़ नाटक ,वाद संवाद ,निबंध, संगीत, पम्पलेट देकर कार्यक्रम का आयेजन किया गया तथा महिलाओं द्वारा वृक्षारोपण किया गया। बालक एवं बालिकाओं को सभी हेल्पलाइन नंबर्स 181, 1090, 1076, 112, 108 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य विश्वजीत सिंह (मोहित सिंह), प्रधानाध्यापक अल्का पाण्डेय, प्रबंधक कृष्ण मणि, वन स्टाप सेंटर केन्द्र प्रबंधक नीरजा कुमारी, सहित बिन्नी पाण्डेय, रोहित पाण्डेय, वंदना यादव, रवींद्र कुमार सिंह, ज्ञान प्रकाश वर्मा एवं छात्राएं उपस्थित रही। इसी प्रकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत चाइल्ड हेल्पलाइन टीम द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय विकास खण्ड सण्ड़वा चन्द्रिका में बालिकाओं को उनके अधिकारों के उपयोग के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा सरकार द्वारा बालिकाओं के लिए संचालित योजनाओं के विषय में बताए गया तथा टीम द्वारा सभी हेल्पलाइन नबरों आवश्यकता अनुसार प्रयोग करने के बारे में बातचीत की गई।

## राज्य महिला आयोग की सदस्य ने दी महिला सशक्तिकरण की जानकारी, सुनी शिकायते

**कुरावली।** महिलाएं निडरता के साथ अपना जीवन यापन करते हुए अपने परिवार का भरण पोषण स्वयं करें द्य क्योंकि सरकार योजनाओं के अंतर्गत महिलाओं को रोजगार देकर धनराशि भी उपलब्ध कर रही है द्य जिसका सदुपयोग कर अपने अपने बच्चों को शिक्षित बनाने के साथ ही साथ उन्हें श्रेष्ठ संस्कार देकर अधिकारी बनाने का पूर्ण प्रयास करें द्य उक्त विचार राज्य महिला आयोग की सदस्य रेनू गौड़ ने विकासखंड कार्यालय के सभागार में मिशन शक्तिचरण -5 के अंतर्गत असमानता के उन्मूलन एवं महिला सशक्तिकरण हेतु आयोजित ग्राम प्रधानों की कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए द्य उन्होंने यह भी बताया कि महिलाएं अपने-अपने पुरुषों के दबाव में अगवा बनकर किसी निर्दोष के विरुद्ध झूठा आरोप लगाते हुए छेड़छाड़ और दुष्कर्म का मुकद्दमा दर्ज ना कराए द्य पुरुषों के आतंक से बचाव के लिए सरकार द्वारा तमाम हेल्पलाइन नंबर लागू किए गए हैं जिनका उपयोग समय पर करें द्य बच्चों की देखभाल पुरुषों की बजाय महिला ही करती हैं इसलिए उन्हें मोबाइल से दूर रखना अति आवश्यक है यदि मोबाइल दिलवा भी दिया है तो प्रतिदिन उसको चेक करें द्य जिससे अपराधों में भी बढ़ोतरी नहीं होगी। इस अवसर पर एसडीएम राम नारायण वर्मा, खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार, सीओ पुलिस चंद्रकेश सिंह थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह चौहान, जिला प्रोविजन अधिकारी राजनाथ राम डीपीआरओ हृदय नारायण ने भीगी अपने-अपने विचार व्यक्त किए कार्यशाला में पीड़ित महिलाओं ने भी अपनी अपनी शिकायतें प्रस्तुत की द्य जिसमें ग्राम सिरसा निवासी विधवा महिला आंगनवाड़ी सहायिका नजमा ने बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र न बनने पर अपनी पीड़ा सुनाई द्य जिस पर सुनवाई करते हुए लेखपाल रश्मि कुमारी को एसडीएम ने बुलाकर उसकी समस्या का निस्तारण कराया द्य कार्यक्रम में उप निरीक्षक साक्षी तोमर बाबू रामगोपाल सुजीत सिंह नरेंद्र राजपूत तथा वॉलिंटियर सुशील कुमार दीपू सिंह आदि मौजूद रहे।

## बौद्ध भिक्षुओं के सम्मान के साथ बुद्ध कथा हुई संपन्न

**कुरावली।** शुक्रवार को नगर के गंगापुर खेल मैदान में चल रही बुद्ध कथा का बौद्ध भिक्षुओं के सम्मान के साथ समापन हुआ।इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। इस दौरान कथावाचक श्याम सुंदर बौद्ध तथा कथा वाचिका राजेश्वरी बौद्ध ने भगवान बुद्ध के उपदेशों से लोगों को जागरूक किया। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संस्थान के सदस्य भिक्षु शील रतन ने श्रद्धालुओं को भगवान बुद्ध द्वारा दी गई शिक्षाओं के बारे में जागरूक किया तथा पंचशील से सिद्धांतों के बारे में जानकारी दें। कार्यक्रम में भगवान बुद्ध की आरती व भजन कीर्तन में श्रद्धालु भक्ति से सराबोर नजर आए। इस दौरान एसडीएम राम नारायण वर्मा, आयोजक डॉ प्रमोद कुमार, मधु शाक्य, डॉक्टर राजेश शाक्य, रीता शाक्य, डॉक्टर अंकित शाक्य,कंचन शाक्य श्री कृष्ण लेखपाल, दुलारे लाल प्रेमी, अनार सिंह दिवाकर, नेताजी सर्वेश शर्मा, श्री चंद्र शाक्य, सीएल शाक्य, धनपाल शाक्य, मिलाल शाक्य, भूप सिंह यादव, आरजू शाक्य, अंशिका, उज्जवल, अर्पित, तन्वी, चिराग, सम्यक, कुलदीप, हिरदेश आदि लोग मौजूद रहे।

## आज पर्यटन मंत्री जनपद में

**मैनपुरी।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री उ.प्र. शासन जयवीर सिंह दि. 08 मार्च को जनपद भ्रमण पर पधार रहे हैं, मंत्री जी प्रातः 09.15 बजे से पुलिस लाइन के सामने ट्राजिस्ट हॉस्टल में जन-समस्याएं सुनेंगे, अपरान्ह 01.15 बजे क्षेत्र पंचायत कार्यालय सदर (ब्लॉक) में क्षेत्र पंचायत की बैठक में सम्मिलित होंने के उपरांत अपरान्ह 02.15 बजे निज आवास सिरसागंज के लिए प्रस्थान करेंगे।

## तहसील किरावली में सातवें दिन भी हड़ताल पर रहे लेखपाल

### निलंबन वीरपाल की मांग को बुलंद करने पूर्व सैनिक संघर्ष समिति व चकबंदी लेखपाल संघ ने दिया समर्थन, लेखपालों की हड़ताल से आम जन मानस परेशान प्रशासन ने साधी चुप्पी



**किरावली।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष वीरपाल सिंह को उपजिलाधिकारी किरावली द्वारा सींगना की यमुना नदी की भूमि पर अवैध कब्जा के प्रकरण को लेकर निलंबन कर दिया गया था। वीरपाल सिंह ने अपनी समस्या को लेकर लेखपाल संघ के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को बताया गया। जिसके विरोध में 1 मार्च 2025 को किरावली के लेखपाल संघ ने कार्य का बहिष्कार करते हुए धरना प्रदर्शन करना शुरू कर दिया पांचवें दिन पूर्व सैनिक संघर्ष समिति व छटवें दिन चकबंदी लेखपाल संघ ने समर्थन देकर लेखपाल संघ की आवाज को बुलंद कर दिया है लेकिन प्रशासन के कानों पर अभी आवाज नहीं गूंज रही है। आम जन मानस की समस्या हल नहीं होने से परेशान हैं। वीरपाल सिंह लेखपाल ने बताया कि 23जुलाई2024 को राजस्व संहिता की धारा 30 (2) के अन्तर्गत विभाजन की कार्रवाई के लिए पत्र दिया गया। फिर 11 फरवरी 2025 को फसल कुर्क किये जाने एवं उसकी नीलामी कराये जाने हेतु आख्या उपजिलाधिकारी को दी गई। परन्तु उपजिलाधिकारी द्वारा लेखपाल को कब्जा धारकों की फसल जुतवाने एवं उनके विरुद्ध एफआईआर कराने के निर्देशित किया गया। लेखपाल द्वारा उक्त भूमि में किसानों की संक्रमणीय भूमि के भी शामिल होने,फसल के तैयार होने, एवं कुर्की तथा नीलामी हेतु आख्या पूर्व में भेजी जाने तथा शान्ति व्यवस्था के कारण असमर्थता जताने पर उच्च अधिकारियों द्वारा कुछ फसल को लेखपाल ने नष्ट करा दी थी जब किसानों ने जिलाधिकारी से गुहार लगाई तो बिना कारण बताए आनन-फानन में वीरपाल सिंह लेखपाल को निलंबन का पत्र थमा दिया गया। तहसील किरावली के लेखपालों द्वारा लेखपाल संघ की बैठक कर लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष वीरपाल के विरुद्ध गलत रुप से की गई कार्यवाही को वापिस लिया जाने तक कार्य बहिष्कार करते हुए आन्दोलन करना शुरू कर तहसील परिसर में फर्स बिछाकर धरना प्रदर्शन करना शुरू कर दिया है जिससे आम जन मानस के कार्य न होने से परेशान हो रहे हैं कानून गो, नायब तहसीलदार, तहसीलदार, एसडीएम बिना लेखपाल की आख्या के बिना कोई कार्य नहीं रहा है जिससे आम जनता बहुत परेशान हैं। कोई आय,जाति, निवासी,ई डब्ल्यू एस हो या किसी की जमीन की पैमाइश हो,सभी कार्य ठप पड़े हैं लेकिन तहसील प्रशासन पर कोई असर नहीं पड़ रहा है।जिला प्रशासन के कानों में अभी तक आवाज नहीं पहुंच रही हैं। लेखपाल संघ ने जिले समस्त तहसीलों में कार्य बहिष्कार करने की चेतावनी दे दी है। इस दौरान पूर्व सैनिक संघर्ष समिति के जिलाध्यक्ष महेश चन्द्र, सतीश,लोकेश अनिल सिकरवार, चकबंदी लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष चौधरी धड़ाधड़ सिंह, मंत्री अजीत सिंह, गोविंद, राहुल यादव, लेखपाल संघ से सरदार सिंह चौहान तहसील अध्यक्ष, धीरेन्द्र सिंह तहसील मंत्री, भूपेंद्र फौजदार वरिष्ठ उपाध्यक्ष, ज्योति सिंह उपमंत्री, तुकमान सिंह, संदीप कुमार, चांदनी कौसर, रामअवतार यादव, मनोज रावत, अनुराग यादव , अतुल कृष्ण कौसल, नारायण दास शिवकुमार, रुपेश राठौर, रोबिन सिंह जतिन सिंह, अतुल यादव, भूपेंद्र पाल सिंह सहित समस्त लेखपाल मौजूद रहे।


**होली विशेष रेलगाड़ियों का संचालन**

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये होली पर्व के पावन अवसर पर होली विशेष रेलगाड़ियों के संचालन का निर्णय लिया है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

**गाड़ी संख्या 08760/08761 दुर्ग-हजरत निजामुद्दीन होली विशेष रेलगाड़ी**

| गाड़ी सं.- 08760 दुर्ग-हजरत निजामुद्दीन | | | गाड़ी सं.- 08761 हजरत निजामुद्दीन-दुर्ग | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 10:45 | दुर्ग | 13:50 | ---- |
| 02:10 | 02:15 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी | 19:25 | 19:30 |
| 06:20 | 06:25 | आगरा कैंट | 15:10 | 15:15 |
| 07:55 | 07:57 | मथुरा जं. | 14:15 | 14:20 |
| 11:00 | ---- | हजरत निजामुद्दीन | ---- | 12:30 |

**दुर्ग से:-** गाड़ी संख्या 08760, दिनांक 09.03.2025 (रविवार) एवं 12.03.2025 (बुधवार)। **हजरत निजामुद्दीन से:-** गाड़ी संख्या 08761, दिनांक 10.03.2025 (सोमवार) एवं 13.03.2025 (गुरूवार)। **गाड़ी संरचना:-** सामान्य श्रेणी- 03, स्लीपर श्रेणी- 15 एवं वातानुकूलित तृतीय श्रेणी- 02

**गाड़ी संख्या 05045/05046 लालकुआँ-राजकोट होली विशेष रेलगाड़ी**

| गाड़ी सं.- 05045 लालकुआँ - राजकोट | | | गाड़ी सं.- 05046 राजकोट - लालकुआँ | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 13:10 | लालकुआँ | 04:05 | ---- |
| 19:03 | 19:05 | मथुरा कैंट | 21:53 | 21:55 |
| 19:20 | 19:25 | मथुरा जं. | 21:35 | 21:40 |
| 18:10 | ---- | राजकोट | ---- | 22:30 |

**लालकुआँ से:-** गाड़ी संख्या 05045, प्रत्येक रविवार, दिनांक 09.03.2025 से 27.04.2025 तक। **राजकोट से:-** गाड़ी संख्या 05046, प्रत्येक सोमवार, दिनांक 10.03.2025 से 28.04.2025 तक। **गाड़ी संरचना:-** स्लीपर श्रेणी- 10, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी- 04, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी- 01 एवं वातानुकूलित प्रथम श्रेणी- 01

**गाड़ी संख्या 02981/02982 सोगरिया-हजरत निजामुद्दीन होली विशेष रेलगाड़ी**

| गाड़ी सं.- 02981 सोगरिया-हजरत निजामुद्दीन | | | गाड़ी सं.- 02982 हजरत निजामुद्दीन-सोगरिया | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 21:00 | सोगरिया | 13:10 | ---- |
| 02:00 | 02:05 | मथुरा जं. | 08:20 | 08:25 |
| 04:55 | ---- | हजरत निजामुद्दीन | ---- | 06:00 |

**सोगरिया से:-** गाड़ी संख्या 02981, प्रत्येक गुरूवार एवं शनिवार, दिनांक 13.03.2025 से 15.03.2025 तक। **हजरत निजामुद्दीन से:-** गाड़ी संख्या 02982, प्रत्येक शुक्रवार एवं रविवार, दिनांक 14.03.2025 से 16.03.2025 तक। **गाड़ी संरचना:-** सामान्य श्रेणी- 06, स्लीपर श्रेणी- 10 एवं वातानुकूलित तृतीय श्रेणी- 02

नोट:- रेल यात्रियों को सुझाव दिया जाता है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों की समय-सारणी, संरचना एवं अन्य स्टेशनों पर ठहराव से संबंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139, एनटीईएस ऐप एवं रेल मदद वेबसाइट www.railmadad.indianrailways.gov.in के माध्यम से अद्यतन जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 437/25(A)

# उत्तर प्रदेश का सामर्थ्य देख रही देश और दुनिया : योगी

**सीएम- युवा के तहत मंडल के 1,000 युवाओं को मुख्यमंत्री ने ब्याज मुक्त ऋण किया वितरित, सीएम योगी बोले- दो वर्ष के अंदर भारत बनेगा दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, उत्तर प्रदेश पंच तीर्थ आज धर्म, आस्था के साथ-साथ आजीविका का बने आधारः सीएम योगी, इनोवेशन और विजन के साथ टेक्नोलॉजी मिल जाए, तो समृद्धि आने से कोई रोक नहीं सकताः सीएम योगी, अगले वर्ष तक 20 लाख युवाओं को रोजगार देगी योगी सरकार, मुख्यमंत्री ने आगरा में मेट्रो कार्य का भी किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा- निर्देश**

सांध्य पहल संवाददाता






**आगरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को आगरा सर्किट हाउस में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम-युवा) के तहत मंडल के 1000 युवाओं को ब्याज मुक्त ऋृण वितरित किया। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के विकास, देश की प्रगति और नए भारत के विजन को रेखांकित किया। सीएम योगी ने इस दौरान राज्य को माफिया मुक्त और दंगा मुक्त बनाने के साथ- साथ युवाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश ही नहीं बल्कि दुनिया भी उत्तर प्रदेश के सामर्थ्य को देख रही है। उन्होंने कहा कि इनोवेशन और विजन के साथ टेक्नोलॉजी मिल जाए तो समृद्धि आने से कोई रोक नहीं सकता।

**मुख्यमंत्री ने नव उद्यमियों को दी बधाई**

अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि होली के रंगोत्सव को बरसाना में शुरू करने के बाद मुझे आप सभी युवा साथियों के साथ मिलने का मौका मिला है। आप देश की आधारशिला रखने वाले हैं। उन्होंने 1,000 नए उद्यमियों को बधाई देते हुए कहा कि ये युवा देश और प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। सीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश का सामर्थ्य आज देश और दुनिया देख रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में भारत ने विकास की नई ऊंचाइयां हासिल की हैं। अब हम एक नए भारत का दर्शन कर रहे हैं, जो संस्कृति और समृद्धि, विरासत और विकास, आस्था और आजीविका का अद्भुत संगम प्रस्तुत कर रहा है।

**सबका साथ, सबका विकास, तुष्टीकरण किसी का नहीं**

सीएम योगी ने पीएम मोदी के विजन को दोहराते हुए कहा कि नए भारत में भेदभाव किसी के साथ नहीं है। सुरक्षा सबको, समृद्धि सबको, आगे बढ़ने के अवसर सबको, लेकिन तुष्टीकरण किसी का नहीं। उन्होंने हाल ही में प्रयागराज में संपन्न हुए महाकुंभ का उदाहरण देते हुए कहा कि 45 दिनों में 66 करोड़ 30 लाख श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में डुबकी लगाई।

यह आयोजन स्वच्छता, सुरक्षा और आजीविका के समन्वय का प्रतीक बना। उन्होंने बताया कि महाकुंभ ने उत्तर प्रदेश को पांच आस्था कॉरिडोर दिए हैं- प्रयागराज से विंध्यवासिनी धाम, काशी, अयोध्या, गोरखपुर, ऋृंगवेरपुर धाम, लखनऊ, नैमिषारण्य, चित्रकूट और आगरा, मथुरा, वृंदावन, बरसाना होते हुए शुक तीर्थ तक। ये कॉरिडोर आस्था के साथ-साथ आजीविका का आधार बन रहे हैं।

**महाकुंभ से 3.50 लाख करोड़ की आर्थिक वृद्धि**

मुख्यमंत्री ने महाकुंभ के आर्थिक प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमने 7.5 हजार करोड़ रुपये खर्च किए और इसके बदले प्रदेश में 3.50 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि देखने को मिली। यह दुनिया में कहीं और देखने को नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में आए लोग उत्तर प्रदेश और भारत की सनातन संस्कृति से अभिभूत होकर गए। अब उत्तर प्रदेश को बीमारू प्रदेश नहीं कहा जाएगा। यह माफिया मुक्त और दंगा मुक्त हो चुका है। यह नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है, जो भारत की आध्यात्मिक विरासत को आगे बढ़ाते हुए विकास की नई ऊंचाइयों को छूने को तैयार है।

**युवा शक्ति पर सीएम ने दिया विशेष जोर**

सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में देश की सबसे बड़ी युवा आबादी है, जो 56-60त्न कामकाजी तबके की है। ये युवा ऊर्जा से भरपूर और प्रतिभा संपन्न हैं। इन्हें सही अवसर मिले तो ये देश और दुनिया को नेतृत्व दे सकते हैं। इसी उद्देश्य से 24 जनवरी 2025 को शुरू की गई मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के तहत युवाओं को स्टार्टअप और स्वरोजगार के लिए ब्याज मुक्त ऋृण और मार्जिन मनी उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि योजना शुरू होने के डेढ़ महीने के भीतर ही 1.5 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 25,000 को स्वीकृति मिल चुकी है और 10,000 को ऋृण वितरित हो चुका है। सीएम ने बताया कि गोरखपुर और बस्ती मंडल में कल 2,500 युवाओं को ऋृण वितरित किया गया, जबकि आगरा में पहले भी एक कार्यक्रम हो चुका है। आज फिर 1,000 युवाओं को ऋृण वितरित किया गया। उन्होंने कहा कि हमारा युवा अब नौकरी के पीछे नहीं भागेगा, बल्कि नौकरी पैदा करेगा और लोगों को स्वावलंबन के रास्ते पर ले जाएगा।

**भारत की आर्थिक प्रगति का सीएम ने किया जिक्र**

सीएम योगी ने भारत के ऐतिहासिक और वर्तमान आर्थिक परिदृश्य का उल्लेख करते हुए कहा कि 16वीं सदी तक दुनिया की अर्थव्यवस्था में भारत का 30त्न योगदान था। विदेशी आक्रांताओं और अंग्रेजों ने इसे लूटा, जिसके कारण 2014 तक भारत 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था रह गया था। लेकिन पीएम मोदी के नेतृत्व में सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन के जरिए भारत आज 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। अगले दो वर्षों में हम तीसरे स्थान पर होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने से देश की जीडीपी बढ़ेगी, रोजगार के अवसर पैदा होंगे और हर हाथ को काम मिलेगा। नया भारत, विकसित भारत फिर से दुनिया को नेतृत्व देगा। उन्होंने युवा उद्यमियों से धैर्य के साथ कार्य करने और इस योजना का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि 31 मार्च तक हम 1 लाख युवाओं को ऋृण देंगे और 1 अप्रैल से अगले 1 लाख युवाओं को जोड़ेंगे। इससे अगले साल तक 20 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा।

**यूपी बना निवेश और पर्यटन का नया गंतव्य**

सीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब निवेश और पर्यटन के नए गंतव्य के रूप में उभर रहा है। 33 सेक्टोरियल पॉलिसी के जरिए लाखों करोड़ का निवेश आ रहा है और लाखों युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बन रहे हैं। उन्होंने महाकुंभ और बरसाना की लड्डूमार व लट्ठमार होली का जिक्र करते हुए कहा कि ये आयोजन सौहार्द और एकता का संदेश दे रहे हैं। अंत में, सीएम योगी ने सभी युवा उद्यमियों को बधाई देते हुए कहा कि होली आपके जीवन में उत्साह और उमंग का संचार करे। उन्होंने युवाओं के जज्बे, विजन और इनोवेशन की सराहना की और कहा कि यह नया उत्तर प्रदेश और नया भारत समृद्धि की ओर बढ़ रहा है। इस कार्यक्रम में युवा उद्यमियों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी को भी सीएम ने देखा और उनके प्रयासों की प्रशंसा की।

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगरा में मेट्रो के कार्यों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।**

इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री और सांसद प्रो. एसपी सिंह बघेल, प्रदेश सरकार में मंत्री जयवीर सिंह, राकेश सचान, योगेन्द्र उपाध्याय, धर्मवीर प्रजापति, महापौर हेमलता दिवाकर, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू भदौरिया, महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता चौहान, यूपीएसआईसी के अध्यक्ष राकेश गर्ग, विधायकगण रानी पक्षालिका सिंह, चौधरी बाबूलाल, धर्मपाल सिंह, छोटेलाल वर्मा, भगवान सिंह कुशवाहा, पुरुषोत्तम खंडेलवाल, डॉ जेएस धर्मेश, विजय शिवहरे, आकाश अग्रवाल, जिलाध्यक्ष गिरिराज कुशवाहा, महानगर अध्यक्ष भानू महाजन आदि मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार ट्रक ने तीन लोगों को रौंदाः एक की मौके पर ही मौत, दो की हालत गंभीर

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** आगरा की तहसील बाह के थाना चित्राहाट के गांव नगला इमली के पास सड़क किनारे खड़े तीन लोगों को आलू से भरे ट्रैक्टर ट्रोला ने टक्कर मार दी। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। दो गंभीर रूप से घायल हो गए। चालक ट्रैक्टर को छोड़कर फरार हो गया। वही आक्रोशित परिजनों ने शव रखकर जाम लगाने का प्रयास किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। मृतक के शव को पंचनामा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। श्री कृष्ण निवासी गांव दशहरी थाना जसवंत नगर जिला इटावा अपनी रिश्तेदारी में नगला इमली थाना चित्राहट आए हुए थे। शुक्रवार को सुबह वह घर के बाहर सड़क किनारे खड़े हुए थे। दो अन्य राहगीर बलराम और सोनू निवासीगण गांव पुरा झाख थाना जैतपुर खड़े हुए थे। तभी आलू से भरे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राला ने तीनों को चपेट में लेकर टक्कर मार दी। श्री कृष्ण की मौके पर ही मौत हो गई तो वहीं राहगीर बलराम और सोनू गंभीर घायल हो गए। ग्रामीणों ने ट्रैक्टर को घेरने का प्रयास किया, जिस पर चालक ट्रैक्टर को छोड़कर फरार हो गया। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसने हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजकर कार्रवाई की गई। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राला को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सरकारी स्कूल में टीचर्स में चले लाठी-डंडे, सस्पेंड होने से नाराज थी, पति को लेकर पहुंची, हंगामा किया



**आगरा।** थाना क्षेत्र ताजगंज के नौबरी गांव के सरकारी स्कूल में टीचर्स के बीच मारपीट का वीडियो सामने आया है। सरकारी महिला टीचर्स एक दूसरे को डंडों से मार रही हैं। एक पुरुष, जो एक सस्पेंड टीचर का पति बताया जा रहा है वो भी धमकी देता वीडियो में दिख रहा है। गांव वालों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल कार्यवाही की मांग की है। घटना नौबरी गांव के सरकारी स्कूल की है। यहां काम करने वाली एक टीचर को सस्पेंड कर दिया गया था। वो अपने पति के साथ स्कूल पहुंची। गांव वालों का आरोप है कि टीचर ने स्कूल के गेट पर लगा ताला भी तोड़ दिया। बाकी टीचर्स ने आपत्ति की तो कहा सुनी हुई। जिस पर मारपीट होने लगी। सस्पेंड हो चुकी टीचर ने बाकी टीचर्स के साथ मारपीट की। डंडों से एकदूसरे को महिला टीचर्स मारने लगीं। सस्पेंड हो चुकी टीचर का पति साथ में था। वो बीचचचाव करने लगा। फिर धमकी भी देने लगा कि देख लेंगे। सस्पेंड हो चुकी टीचर अपने पति के साथ कार में लौट रही थी। गांव वालों ने कार रोक ली। गांल वालों का कहना था कि सस्पेंड होने के बाद भी वो स्कूल क्यों आई। पहले बच्चों का भविष्य खराब किया। कई गांव वालों के खिलाफ मुकदमा कराया। अब टीचर्स के साथ मारपीट की।

## शादी समारोह में हर्ष फायरिंगः युवक को लगा छर्राः दो आरोपी गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** थाना अछनेरा क्षेत्र में एक शादी समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग में एक युवक घायल हो गया। यह घटना नगला लालदास स्थित लीलादेवी गार्डन मैरिज होम में हुई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक थाना अछनेरा क्षेत्र के नगला लालदास स्थित लीलादेवी गार्डन मैरिज होम में बुधवार रात बहन की शादी के दौरान हर्ष फायरिंग में एक युवक घायल हो गया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी मोनू को अवैध शस्त्र के साथ गिरफ्तार कर लिया, वहीं उसके साथी पंकज को भी गिरफ्तार कर लिया और आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।मिली जानकारी के अनुसार, न्यू आगरा निवासी मोनू पुत्र उदय सिंह ने अपनी बहन की शादी में हर्ष फायरिंग की, जिसमें गोली मिस हो गई और पास खड़े शेखर पुत्र राजवीर सिंह को छर्रा लग गया। घायल शेखर की हालत गंभीर बताई जा रही है। सूचना पर पहुंची कुकथला पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया और मामले की जांच शुरू कर दी।मामले की जांच के बाद पुलिस ने न्यू आगरा निवासी मोनू पुत्र उदय सिंह और मैनपुरी निवासी पंकज को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मोनू और मैनपुरी निवासी पंकज के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया है। इस दौरान मोनू को अवैध शस्त्र के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का कहना है कि ऐसी घटनाओं को गंभीरता से लिया जा रहा है और हर्ष फायरिंग जैसी गैरकानूनी गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी अछनेरा विनोद कुमार मिश्र का कहना है कि हर्ष फायरिंग न केवल गैर कानूनी है, बल्कि यह लोगों की जान को भी खतरे में डालती है। मामले की जांच जारी है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाए जाएंगे।

## कार्यालय ग्राम पंचायत खडौआ वि.ख. बिजौली (अलीगढ़)

पत्रांक-मीमो/5वॉराज्य वित्त/15वॉ वित्त/मनरेगा/2021-22 दिनांक 07/03/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है राज्य वित्त/15वॉ वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में उपलब्ध धनराशि से कराये जाने वाले निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु पंजीकृत सप्लायरों से कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु शीलबन्द निविदायें दिनांक 14/03/2025 की अपरान्ह 2:00 बजे तक निम्नलिखित कार्यो हेतु आमंत्रित की जाती है। निविदा आवेदकों की उपस्थिति में उसी दिन सायं 4:00 बजे को अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में अधोहस्ताक्षरी अथवा ग्राम प्रधान की उपस्थिति में खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित माप | अनुमानित लागत लाख में | अवधि महिना |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अनीतादेवी पत्नी अशोकुमार कैटल शेड निर्माण | 8 x 4 मी. | 1.58 लाख | |

नियम व शर्तेः-

निविदा प्रपत्र कार्यालय दिवस में कार्यालय समय में निर्धारित दिनांक..............................तक निःशुल्क प्राप्त किये जा सकते है।

1. गुणवत्ता खराब होने पर निविदा बिना सूचना के निरस्त की जा सकती है।
2. सामग्री आपूर्ति कार्य स्थल पर प्राप्त होने के बाद सामग्री का बिल ग्राम पंचायत को प्राप्त होने के बाद भुगतान किया जायेगा।
3. निविदा बिना कारण बताये निरस्त का अधिकार प्रधान/सचिव में निहित होगा।
4. निविदा के साथ पंजीकरण आयकर विक्रीकर पैन नं. आदि प्रमाण पत्रों की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
5. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्माण सामग्री की आपूर्ति आदेश के अधिकतम 15 दिन के अन्दर करनी होगी।
6. बिल की धनराशि से नियमानुसार कटौतियॉ की जायेगी।

ग्रीशादेवी (प्रधान) ग्राम पंचायत खडौआ विकास खण्ड बिजौली (अलीगढ़)

ग्राम पंचायत विकास अधिकारी ग्राम पंचायत खडौआ विकास खण्ड बिजौली (अलीगढ़)

## विधायक खण्डेलवाल और केन्द्रीय मंत्री प्रो. बघेल ने संयुक्त रूप से सातवें प्रधानमंत्री जनऔषधि कार्यक्रम का किया शुभारम्भ

**केन्द्रीय राज्यमंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल जी ने मानसिक स्वास्थ्य संस्थान को एक एम्बुलेन्स जनहित में की समर्पित, 02 सोलर लाईट, आर.ओ. प्लांट तथा ओपन जिम प्रदान कराने की घोषणा की**






सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** मानसिक स्वास्थ्य संस्थान एवं चिकित्सालय, आगरा में सातवें प्रधानमंत्री जनऔषधि कार्यक्रम को आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि मा0 केन्द्रीय मंत्री प्रो0 एस0पी0 सिंह बघेल तथा विशिष्ट अतिथि विधायक पुरूषोत्तम खण्डेलवाल जी की गरिमामई उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित कर एव भगवान धन्वंतरी के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित करने के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मा0 केन्द्रीय मंत्री प्रो0 एस0पी0 सिंह बघेल जी ने चिकित्सकों के साथ-साथ पैरा मेडिकल स्टाफ को सम्बोधित करते हुए प्रेरित किया कि प्रधानमंत्री जनऔषधि योजना मा0 प्रधानमंत्री जी की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसमें जन औषधि केन्द्रों के माध्यम से आमजन को स्वास्थ्य एवं चिकित्सीय सस्ती व शुलभ सुविधाओं को प्रदान किया जा रहा है। मा0 मंत्री महोदय ने कहा कि आप सभी के द्वारा आमजनता में प्रधानमंत्री जन औषधि योजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें तथा आने वाले मरीजों को लाभ प्राप्त करने हेतु जागरूक करें। मा0 मंत्री महोदय ने अपने सम्बोधन में केन्द्र सरकार द्वारा जरूरतमंद लोगों के लिये अधिक से अधिक जन औषधि केन्द्र खोलने के प्रयासों को विस्तार से बताया। विशिष्ट अतिथि मा0 विधायक पुरुषोत्तम खण्डेलवाल जी द्वारा जन औषधि केन्द्र में उच्च गुणवत्ता की सस्ती औशधियों का लाभ मरीजों तक पहुचानें के लिये चिकित्सकों को आह्वान किया। इस अवसर पर केन्द्रीय राज्यमंत्री प्रो0 एस0पी0 सिंह बघेल जी ने केन्द्रीय योजना से प्राप्त एक एम्बुलेन्स को संस्थान को जनहित में समर्पित किया। केन्द्रीय राज्यमंत्री प्रो0 एस0पी0 सिंह बघेल जी द्वारा मानसिक स्वास्थ्य संस्थान एवं चिकित्सालय, आगरा को 02 सोलर लाईट, आर0ओ0 प्लांट तथा ओपन जिम प्रदान कराने की घोषणा की गयी तथा कहा कि शीघ्र ही इसकी स्थापना की जायेगी। कार्यक्रम में डा0 अरून श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्साधिकारी , आगरा मानसिक संस्थान के प्रो0 दिनेश सिंह राठौर, निदेशक एवं प्रो0 अनिल कुमार सिसौदिया, चिकित्सा अधीक्षक आदि उपस्थित रहें।

## सोशल मीडिया पर दोस्ती से शुरू हुई अनोखी प्रेम कहानीः 47 साल की महिला ने तीन बच्चों को छोड़ 22 साल के युवक संग बसाया घर

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** प्यार की कोई उम्र नहीं होती-इस कहावत को सच कर दिखाया सूरत, गुजरात की 47 वर्षीय महिला ने, जो सोशल मीडिया पर हुई दोस्ती के बाद 22 साल के युवक के प्यार में पड़ गई। तीन बच्चों की मां यह महिला अपने परिवार को छोड़कर 28 फरवरी को गुजरात से सीधा अछनेरा के गांव सांधन पहुंच गई, जहां उसका प्रेमी रहता है। इस प्रेम कहानी ने पूरे इलाके में चर्चाओं का बाजार गर्म कर दिया है। महिला के बेटे विपिन ने बताया कि उनका परिवार मूल रूप से मेहरमपुर, थाना शमसाबाद का रहने वाला है। और सूरत में रहकर गुजर-बसर करता है। और बताया की घर में मम्मी पापा दो भाई और एक बड़ी बहन है बड़ी बहन की शादी भी हो चुकी है। 28 फरवरी को मां के अचानक घर से गायब होने पर परिवार ने थाना कीम, सूरत में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। गुरुवार को रिश्तेदारों से पता चला कि उनकी मां सांधन गांव में एक युवक के साथ रह रही हैं। इसके बाद परिजनों ने थाना अछनेरा पुलिस को सूचना दी।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर महिला और युवक को थाने लाया और पूछताछ की। सबसे चौंकाने वाली बात तब सामने आई जब महिला ने अपने बेटे-बेटी को पहचानने से ही इनकार कर दिया। उसने साफ कहा कि वह अपनी मर्जी से युवक के साथ रहना चाहती है। पुलिस ने दोनों के बालिग होने की पुष्टि करते हुए महिला को युवक के साथ उसके घर भेज दिया। थाना प्रभारी अछनेरा का कहना है कि महिला और युवक दोनों बालिग हैं और उन्होंने अपनी मर्जी से साथ रहने की इच्छा जताई है, इसलिए कानूनी रूप से कोई अड़चन नहीं है। पुलिस ने महिला को युवक के साथ उसके घर भेज दिया गया है।

## नाबालिग भतीजी के साथ मारपीट व दुष्कर्म करने वाले मामा को पुलिस ने पकड़ा

सांध्य पहल संवाददाता




**आगरा।** नाबालिक युवती के साथ मारपीट व दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को थाना सदर बाजार पुलिस टीम द्वारा किया गिरफ्तार। 03.03.2025 को एक व्यक्ति द्वारा थाना सदर बाजार पर शिकायत दी गयी कि 01.03.2025 को पीड़ित की पुत्री अपनी नानी के यहां गयी हुई थी, वहीं पर उसके साले द्वारा उसकी पुत्री के साथ गलत काम व मारपीट की गयी है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर धारा 64(2)(एफ)/115(2) बीएनएस व 5एन/6 पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज किया था। उपरोक्त घटना के शीघ्र अनावरण एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु थाना सदर बाजार पर टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु सम्भावित स्थानों पर दबिश दी जा रही थी। शुक्रवार को थाना प्रभारी सदर बाजार बिरेशपाल गिरी ने कास्टेबल प्रशान्त चौधरी और नितिन यादव के साथ अभियुक्त के घर पर दबिश दी गयी, अभियुक्त घर पर मौजूद मिला, अभियुक्त राहुल पुत्र अनिल निवासी शान्ति नगर देवरी रोड थाना सदर बाजारा आगरा को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया।

## लापता युवती को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा



**आगरा।** थाना निबोहरा पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा युवती को सकुशल बरामद किया गया। 02.11.2024 को एक व्यक्ति द्वारा थाना निबोहरा पर तहरीर दी गयी कि 02.11.2024 को पीड़ित की पुत्री घर से कही चली गयी है, जिसको काफी तलाश करने पर कोई जानकारी नही मिली। इस सम्बन्ध में थाना डौकी पर गुमशुदगी नं0 11/24 अंकित की गयी। थाना निबोहरा पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा की बरामदगी हेतु पुलिस टीमों को गठन किया गया। सात मार्च को थाना निबोहरा पुलिस टीम द्वारा कन्ट्रोल रूम, लोगों से पूछताछ, सीसीटीवी आदि सूचना के विभिन्न माध्यमों द्वारा अथक प्रयास करते गुमशुदा युवती को झाल तिराहे के पास से सकुशल बरामद कर परिवारीजनो के सुपुर्द किया गया। गुमशुदा युवती को सकुशल पाकर परिवारीजनो के द्वारा खुशी के आँसुओं के साथ पुलिस टीम को धन्यवाद दिया गया एवं आगरा पुलिस की भूरि भूरि प्रसंशा की गयी। **बरामद करने वाली पुलिस टीम में** पुलिस टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक निबोहरा श्री जयनारायण सिंह प्रशिक्षु उप निरीक्षक बादल चौहान प्रशिक्षु महिला उप निरीक्षक टविकंल भाटी और कास्टेबल शिखा शामिल रही।


VASTU HOUSING FINANCE

वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

यूनिट 203 और 204, दूसरी मंजिल, ए विंग, नवभारत एस्टेट, जकारिया बंदर रोड, सेवरी (पश्चिम), मुंबई 400015। महाराष्ट्र।

सीआईएन नं.: U65922MH2005PLC272501

**कब्जा नोटिस**

जबकि, नीचे हस्ताक्षरकर्ता, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं से उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर संबंधित नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने के लिए एक डिमांड नोटिस जारी किया है। उधारकर्ताओं द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने पर, नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने उक्त नियमों के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(4) के तहत मुझे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित संपत्ति का कब्जा नीचे उल्लिखित तिथि को ले लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता और गारंटर तथा आम जनता को संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है तथा संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार का लेन-देन वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड शाखा के प्रभार के अधीन होगा, जिसके अंतर्गत नीचे उल्लिखित राशि तथा उस पर ब्याज, लागत आदि शामिल होगी।

| स. क्र. | उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता का नाम और लेन नंबर। | मांग नोटिस की तिथि एवं राशि | संपत्ति का विवरण | कब्ज़ा की तिथि और प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सुधीर चंदेल (आवेदक), पूनम पाल (सह आवेदक), Lp0000000156614 | 11-नवम्बर-24 07-नवम्बर-24 को 536058 रु. | शॉप ऑन हाउस नगर निगम नंबर- 30/132, किदवई पार्क राजा मंडी आगरा, उत्तर प्रदेश, 282002, माप 122.27 वर्ग फीट, क्षेत्रफल 13.59 वर्ग गज यानी 11.36 वर्ग मीटर। उत्तर-सड़क 8 फीट, दक्षिण-संपत्ति का हिस्सा, पूर्व-सड़क 20 फीट, पश्चिम-संपत्ति का हिस्सा | प्रतीकात्मक कब्ज़ा 06-मार्च-25 को लिया गया |

दिनांक : 08.03.2025
स्थान : आगरा

प्राधिकृत अधिकारी
वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

# संपादकीय

## सेबी की मिलीभगत

शेयर धोखाधड़ी के मामले में पूर्व सेबी प्रमुख माधबी बुच के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने का आदेश विशेष अदालत ने दिया है। अदालत ने इसे प्रथम दृष्टि नियामक चूक व मिलीभगत का सबूत माना और निष्पक्ष जांच की आवश्यकता बताई। याचिका में बुच के अतिरिक्त पांच अन्य अधिकारियों के खिलाफ बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में कंपनी लिस्टिंग में अनियमितताओं का दावा किया गया है। नियामक प्राधीकरणों, खासकर सेबी की मिलीभगत से कंपनी को स्टॉक एक्सचेंज में धोखाधड़ी से सूचीबद्ध करने को कॉरपोरेट धोखाधड़ी बताया है। सेबी की पहली महिला प्रमुख बुच को अमेरिका स्थित शॉर्ट-सेलर हिंडेनबर्ग द्वारा हितों के टकराव के आरोप लगाए गए थे। बुच दंपति पर फंड संरचनाओं का हिस्सा रही संस्थाओं में निवेश का भी आरोप है, जिसमें अडानी समूह द्वारा भी निवेश किया गया था। बुच का कहना था, यह निवेश उनके नियामक में शामिल होने से पहले किया गया था। हालांकि सेबी ने इस आदेश को चुनौती देने के लिए उचित कदम उठाने की बात की है। साथ ही बुच का समर्थन करते हुए याचिकाकर्ता को तुच्छ व आदतन मुकदमाकर्ता ठहराया। इस दरम्यान स्वयं हिंडनबर्ग अपना कारोबार बंद करने की घोषणा भी कर चुकी है। बुच द्वारा तमाम सराहनीय सकारात्मक कदम उठाये जाने के बावजूद उनके तीन साल के कार्यकाल के दरम्यान कर्मचारियों में जबरदस्त रोष भी नजर आया। खुदरा निवेशकों को बाजार की तरफ आकर्षित करने में सफल रही बुच ने निवेश सलाहकारों के लिए नियमों को आसान बनाने व राइट्स इश्यू को तेजी देने सरीखा काम कर दिखाया। इसके बावजूद उन पर लगे आरोपों की अनदेखी नहीं की जा सकती। विपक्षी दलों के भारी विरोध के बावजूद सरकार ने न सिर्फ पक्षपाती रवैया बनाये रखा बल्कि चिकने घड़े की तरह आरोपों को झाड़ती रही। यूं भी मोदी सरकार का काम करने का रवैया ऐसा है, जो अपने चहेते अधिकारियों के बचाव को लेकर अडियलपन दिखाने में कोई लिहाज नहीं करती। बेशक सरकार को जांच का आसन देते हुए नियामक प्राधीकरणों की गरिमा बनाए रखने के प्रति गंभीर नजर चाहिए। अदालती कार्रवाई का सामना करके बुच को अपना पक्ष रखना चाहिए। सफलताओं के झंडे गाडने के बावजूद सेबी जैसे सम्मानित नियामक पर एक शख्स की वजह से बिला-वजह पडने वाले छींटों से बचाने के प्रति सरकार पहले ही प्रतिबद्धता दर्शा सकती थी।

# धरती पर विधाता की साकार प्रतिनिधि है नारी

(विवेक रंजन श्रीवास्तव-विनायक फीचर्स)



एक अदृश्य शक्ति , जिसे आध्यात्मिक दृष्टि से हम परमात्मा कहते हैं,इस सृष्टि का निर्माण कर्ता , नियंत्रक व संचालक है। स्थूल वैज्ञानिक दृष्टि से इसी अद्भुत शक्ति को प्रकृति के रूप में स्वीकार किया जाता है । स्वयं इसी ईश्वरीय शक्ति या प्रकृति ने अपने अतिरिक्त यदि किसी को नैसर्गिक रूप से जीवन देने तथा पालन पोषण करने की शक्ति दी है तो वह महिला ही है। समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका निर्विवाद एवं महत्वपूर्ण है। समाज , राष्ट्र की इकाई होता है और समाज की इकाई परिवार, तथा हर परिवार की आधारभूत अनिवार्य इकाई महिला ही होती है। परिवार में पत्नी के रूप में , महिला पुरुष की प्रेरणा होती है। वह माँ के रूप में बच्चों की जीवन दायिनी,ममता की प्रतिमूर्ति बनकर उनकी परिपोषिका तथा पहली शिक्षिका की भूमिका का निर्वाह करती है। इस तरह परिवार के सदस्यों के चरित्र निर्माण व बच्चों को सुसंस्कार देने में घर की महिलाओं का प्रत्यक्ष , अप्रत्यक्ष योगदान स्वप्रमाणित है। विधाता के साकार प्रतिनिधि के रूप में महिला सृष्टि की संचालिका है, सामाजिक दायित्वों की निर्वाहिका है, समाज का गौरव है। महिलाओं ने अपने इस गौरव को त्याग से सजाया और तप से निखारा है, समर्पण से उभारा और श्रद्धा से संवारा है। विश्व इतिहास साक्षी है कि महिलाओं ने सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक विभिन्न क्षेत्रों में सर्वांगीण विकास किया है,एवं निरंतर योगदान कर रहीं हैं। बहुमुखी गुणों से अलंकृत नारी समाज के महाप्रासाद की अविचल निर्माता है। नारी चरित्र, शील, दया और करूणा के साथ शक्ति और चातुर्य का समग्र स्वरूप है।कन्या भ्रूण हत्या, स्तनपान को बढ़ावा देना , दहेज की समस्या , अश्लील विज्ञापनों में नारी अंग प्रदर्शन , स्त्री शिक्षा को बढ़ावा , घर परिवार समाज में महिलाओं को पुरुषों की बराबरी का दर्जा दिए जाने का संघर्ष , सरकार में स्त्रियों की अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित करना आदि वर्तमान समय की नारी विमर्श से सीधी जुड़ी वे ज्वलंत सामाजिक समस्यायें हैं , जो यक्ष प्रश्न बनकर हमारे सामने खड़ी हैं। इनके सकारात्मक उत्तर में आज की पीढ़ी की महिलाओं की विशिष्ट भूमिका ही उस नव समाज का निर्माण कर सकती है,जहां पुरुष व नारी दो बराबरी के तथा परस्पर पूरक की भूमिका में हों।पौराणिक संदर्भो को देखें तो दुर्गा, शक्ति का रूप हैं। उनमें संहार की क्षमता है तो सृजन की असीमित संभावना भी निहित है। जब देवता, महिषासुर से संग्राम में हार गये और उनका ऐश्वर्य, श्री और स्वर्ग सब छिन गया तब वे दीन-हीन दशा में भगवान के पास पहुँचे। भगवान के सुझाव पर सबने अपनी सभी शक्तियॉ एक साथ समग्रता में समाहित की,जिसके परिणामस्वरूप शक्ति स्वरूपा दुर्गा उत्पन्न हुई।

पुराणों में दुर्गा के वर्णन के अनुसार , उनके अनेक सिर हैं, अनेक हाथ हैं,प्रत्येक हाथ में वे अस्त्र-शस्त्र धारण किए हुये हैं। सिंह, जो साहस का प्रतीक है, उनका वाहन है,ऐसी शक्ति की देवी ने महिषासुर का वध किया,वे महिषासुर मर्दनी कहलायीं। यह कथा संगठन की एकता का महत्व प्रतिपादित करती है। शक्ति, संगठन की एकता में ही है। संगठन के सदस्यों के सहस्त्रों सिर और असंख्य हाथ हैं, साथ चलेंगे तो हमेशा जीत का सेहरा बंधेगा। देवताओं को भी जीत तभी मिली जब उन्होने अपनी शक्ति एकजुट की। दुर्गा, शक्तिमयी हैं, लेकिन क्या आज की महिला शक्तिमयी है ? क्या उसका सशक्तिकरण हो चुका है? शायद समाज के सर्वांगीण विकास में सशक्त महिला और भी बेहतर भूमिका का निर्वहन कर सकती हैं। वर्तमान सरकारें इस दिशा में कानूनी प्रावधान बनाने हेतु प्रयत्नशील हैं,यह शुभ लक्षण है। प्रतिवर्ष 8 मार्च को समूचा विश्व महिला दिवस मनाता है, यह समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका के प्रति समाज की कृतज्ञता का ज्ञापन ही है।

ममता है माँ की , साधना, श्रद्धा का रूप है<br>
लक्ष्मी , कभी सरस्वती , दुर्गा अनूप है<br>
नव सृजन की संवृद्धि की एक शक्ति है नारी<br>
परमात्मा और प्रकृति की अभिव्यक्ति है नारी<br>
नारी है धरा , चाँदनी , अभिसार , प्यार भी<br>
पर वस्तु नही , एक पूर्ण व्यक्ति है नारी

आवश्यकता यही है कि नारी को समाज के अनिवार्य घटक के रूप में बराबरी और सम्मान के साथ स्वीकार किया जाए।समाज के विकास में महिलाओं का योगदान स्वतः ही निर्धारित होता आया है,रणभूमि पर विश्व की पहली महिला योद्धा रानी दुर्गावती हो, रानी लक्ष्मी बाई का पहले स्वतंत्रता संग्राम में योगदान हो,इंदिरा गांधी का राजनैतिक नेतृत्व हो या विकास का अन्य कोई भी क्षेत्र अनेकानेक उदाहरण हमारे सामने हैं।आगे भी समाज के विकास की इस भूमिका का निर्वाह महिलायें स्वयं ही करने में सक्षम रहेंगी।

## शब्द सामर्थ्य - 348

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू.) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

**ऊपर से नीचे**

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | | 6 |
| | ■ | 7 | | | 8 | ■ | ■ | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | |
| | ■ | 12 | | | ■ | 13 | 14 | |
| ■ | 15 | | ■ | ■ | ■ | 16 | | ■ |
| ■ | | ■ | 17 | ■ | ■ | ■ | 18 | 19 |
| ■ | 20 | 21 | | 22 | ■ | 23 | | |
| 24 | ■ | | ■ | 25 | | | ■ | |
| ■ | 26 | | | ■ | ■ | 27 | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 347 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पी | चि | दं | ब | र | म | ■ | ■ | स |
| ट | ■ | भ | ला | ई | ■ | अ | स | म |
| ना | म | ■ | ■ | स | मा | धि | ■ | झ |
| ■ | ज | ■ | बे | ■ | न | का | र | ना |
| बा | बू | ■ | आ | य | क | र | ■ | ■ |
| ■ | र | की | ब | ■ | ■ | ■ | प्र | था |
| ज | ■ | ■ | रू | प | क | ■ | ज | न |
| हा | ■ | पा | ■ | ना | म | ची | न | ■ |
| ज | हां | प | ना | ह | ■ | ता | न | ना |

8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष

# नारी सशक्तिकरण से ही राष्ट्र सशक्त होगा

संपतिया उइके

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कहा कि नारी सशक्तिकरण ही वास्तविक राष्ट्र सशक्तिकरण की आधारशिला है। जब महिलाएँ आत्मनिर्भर होंगी, तो समाज और देश की प्रगति स्वतः सुनिश्चित होगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में महिलाओं, विशेष रूप से जनजातीय और अनुसूचित जाति वर्ग की महिलाओं के उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाओं को प्रभावी कदम बताया। मंत्री उइके ने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल व्यक्तिगत विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज और राष्ट्र की उन्नति का मूल आधार भी है। महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक स्वतंत्रता को सुनिश्चित करने के लिए केंद्र और राज्य सरकार ने व्यापक नीतिगत पहल की हैं, जिनका सीधा लाभ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलाओं को मिल रहा है। प्रधानमंत्री वन धन योजना जनजातीय महिलाओं को स्वरोजगार और लघु उद्यमों से जोडने का महत्वपूर्ण प्रयास है, जिससे वे अपने पारंपरिक ज्ञान और कौशल का उपयोग कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं। आदिवासी छात्रवृत्ति योजना और एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय जनजातीय समाज की बेटियों को गुणवत्तापूर्ण और उच्च अध्ययन के अवसर प्रदान कर रहे हैं। स्टैंड अप इंडिया योजना के तहत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलाओं को स्वरोजगार और उद्यमिता के लिए विशेष आर्थिक सहायता दी जा रही है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना गर्भवती और धात्री महिलाओं को आर्थिक संबल प्रदान कर स्वस्थ मातृत्व और पोषण को प्रोत्साहित कर रही है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के माध्यम से विशेष रूप से जनजातीय क्षेत्रों में बालिका शिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है।

मंत्री संपतिया उइके ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार महिला सशक्तिकरण को नीति-निर्माण की केंद्रीय धुरी बना रही है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना प्रदेश की 1.29 करोड़ महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता प्रदान करने की ऐतिहासिक पहल है। इस योजना के माध्यम से महिलाओं को प्रत्यक्ष आर्थिक सहायता मिल रही है, जिससे वे परिवार के आर्थिक निर्णयों में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं और आत्मनिर्भर बन रही हैं। मुख्यमंत्री आदिवासी महिला उद्यमिता योजना जनजातीय महिलाओं को स्वरोजगार और उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित करने के लिये अनुदान और ऋण सहायता उपलब्ध करा रही है। हर घर नल जल योजना ग्रामीण और आदिवासी महिलाओं को पेयजल आपूर्ति की कठिनाइयों से राहत दे रही है, जिससे उनका श्रम और समय बच रहा है और वे शिक्षा, रोजगार और सामाजिक गतिविधियों में अधिक भागीदारी कर पा रही हैं। पेसा अधिनियम जनजातीय महिलाओं को ग्राम सभाओं में सशक्त भूमिका प्रदान करने के लिए प्रभावी कानून है, जिससे वे स्वतंत्र निर्णय ले रही हैं और समुदाय के विकास में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

# जरूरी है संभालते रहना

प्रदीप छाजेड़

( बोरावड )



कोई चीज हो या आपसी संबंध हो आदि उनका रखरखाव का सही से समुचित प्रबंध बराबर सार-संभाल करते रहने से ही रहता है। यदि सही से ध्यान नहीं दिया जाए तो निश्चित ही कुदरत के पास उनका नष्ट होने का प्रावधान है । इनमें शामिल वह सब कुछ चाहे शारीरिक स्वास्थ्य हो या धन संपदा हो । चाहे वह व्यापार या हो कोई रिश्ता हो आदि - आदि । किसी भी चीज की सही से समुचित प्रबंध बराबर सार-संभाल कामयाबी के सफर में धूप रूपी मुखिया का बड़ा महत्व होता हैं क्योंकि सही से इनको छांव मिलते ही ग़लत दिशा में कोई भी कदम रुकने लगते है ।इसलिए कहीं ना कही सख़्ती भी ज़रूरी है पर समझदार वही जो इसकी सही से समुचित प्रबंध बराबर सार-संभाल सही से संभाले रखता हैं। वैसे भी कोई चीज हो या आपसी संबंध आदि सब फूलों की तरह बेहद नाज़ुक होते हैं जो जरा सी तेज हवा के झोंके से उड़ जाते हैं , बारिश की एक बूंद से भीग जाते हैं ,भारी हो जाते हैं पत्थर की तरह जरा सी ठेस से दरक जाते हैं , शीशे की तरह समय के साथ अपनी सोच के क़दम को बढ़ाने से ज़माने के साथ चलने से और बस प्रेम के एहसास और जज्बात से पलते हैं यह सब जो रूह से महसूस किए जाते हैं । इस तरह वह कुछ भी हो ! बराबर सही से देखरेख मांगता है ताकि किसी को उसमें मीन-मेष निकालने का अवसर ही ना आए।

# राशिफल

**मेष**

आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। आप अपने निजी जीवन में चली आ रही समस्याओं का समाधान निकालने में कामयाब रहेंगे। पारिवारिक जीवन में खुशियां आएंगी। कार्यक्षेत्र में आपको अच्छी सफलता मिलेगी। सरकारी नौकरी के लिए प्रयास कर रहे हैं लोगों को नए अवसर मिलने की संभावना है। आज समाज में आपका रुतबा बढ़ेगा। आपका अनुभव प्रतिष्ठा का कारण बनेगा। समाज में आपको मान सम्मान की प्राप्ति होगी। आज आप किसी सामाजिक उत्सव में भाग ले सकते हैं। लोग आपके विचारों से प्रभावित होंगे।

**वृषभ**

आज आपका दिन खास रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको अपनी काबिलियत दिखाने का मौका मिलेगा। ऑफिस में काम बढ़ सकता है, जिससे आप परिवार को समय नहीं दे पाएंगे, लेकिन आप कार्यक्षेत्र और घर के बीच अच्छी तरह तालमेल बनाकर रखेंगे। आज आपका दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा। संतान को लेकर उलझनें दूर होगी। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। आज आपको किसी तरह के वाद-विवाद में पड़ने से बचना चाहिए। आप प्रॉपर्टी खरीदने में कामयाब रहेंगे। घर के जरुरत का सामान खरीदने मार्केट जायेंगे।

**मिथुन**

आज आपका दिन बदलाव लाने वाला है। आज आप अपनी दिनचर्या में बदलाव करेंगे। आप लोगों की मदद करने के लिए समय निकालेंगे। आज आपकी निर्णय लेने की क्षमता मजबूत होगी, बिजनेस को बढाने के लिए बेहतर फैसले लेंगे। साथ ही व्यापार के विकास में किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह भी लेंगे। आज आपकी सभी योजनाएं सफल होंगी। आपके लिए आमदनी के योग बनेंगे। संतान को लेकर अच्छे परिणाम मिलेंगे। आपको कम्युनिकेशन के माध्यमों से लाभ होगा, और आप तरक्की करेंगे। कुल मिलाकर आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**कर्क**

आज आपका दिन आनंद से भरा रहेगा। आपको आज अच्छी खुशखबरी मिलेगी। नौकरी में प्रमोशन की आपकी प्रतीक्षा समाप्त होगी, नई पोस्ट पर काम करने का मौका मिलेगा। आप पूरी सावधानी से काम करेंगे। आज आपके लिए आर्थिक लाभ की स्थिति बनेगी, आप भी इसका भरपूर फायदा उठाएंगे। किसी कार्य योजना के कारण आपको यात्रा करनी पड़ेगी। आज आयी समस्याओं को अपनी समझदारी से दूर कर लेंगे। आज आपके घर के सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी। बच्चे खेल-कूद में व्यस्त रहेंगे।

**सिंह**

आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज आपको अपने कार्यक्षेत्र के सकारात्मक माहौल में काम करने को मिलेगा। आज आज आप ऑनलाइन नया काम शुरू करेंगे, जिसमें आपको अच्छी सफलता मिलने के योग हैं। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। आप दूसरों की मदद करने की हर संभव कोशिश करेंगे। आपकी किसी परिवारिक समस्या का निवारण होने से आपको बहुत सुकून मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ कहीं धार्मिक यात्रा पर जाएंगे। आपकी यात्रा शुभ फलदाई साबित होगी।

**कन्या**

आपके लिए आज का दिन उत्तम रहेगा। अनेक साधनों से आर्थिक लाभ होने के संभावना है, जिससे आपका बैंक बैलेंस मजबूत होगा। संतान की ओर से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी। नौकरी में सफलता के योग हैं। आज आपकी सैलरी में बढ़ोतरी होगी। जमीन जायदाद के मामलों में कुछ समस्या आएगी, लेकिन कोर्ट कचहरी में आपको सफलता मिलेगी। आज आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज आपके मित्र आपकी सहायता करेंगे। आप परिवार के साथ कहीं मनोरंजक यात्रा पर जा सकते हैं, जिससे बच्चे आपसे प्रसन्न रहेंगे।

**तुला**

आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको दोस्तों के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। रिश्तेदारों के साथ किसी धार्मिक स्थल पर घूमने जायेंगे, आपकी यात्रा सुखद रहेगी। पारिवारिक रिश्तो में आपसी प्रेम बढ़ेगा। किसी कोर्ट केस का फैसला आज आपके पक्ष में आयेगा, इससे आप खुद को रिलैक्स फील करेंगे। नौकरी में प्रमोशन के योग बन रहे हैं। आज आप आपनी मेहनत से अच्छा धन कमाने में सफल होंगे। संतान को किसी बड़े संस्थान में एडमिशन मिलने की खबर मिलेगी। घर के किसी कन्या को बड़ी सफलता मिलने से उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**वृश्चिक**

आज आपका दिन रोज से बेहतर रहेगा। आप अपनी नौकरी बदलने का प्रयास करेंगे, इसमें आपको सफलता मिलने की संभावना है। आपकी सैलरी में वृद्धि होगी। आज आपकी आर्थिक स्थिति में संतुलन बना रहेगा। आपको किसी पारिवारिक समारोह में शामिल होने का मौका मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ घर की जिम्मेदारियों को पूरा करने में सफल रहेंगे। व्यापार में उन्नति होने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज आपका सेहत रोज की अपेक्षा बेहतर रहने वाला है।

**धनु**

आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज आपकी कुछ नये लोगों से मुलाकात होगी। आपके निजी प्रयासों से कार्यों में सफलता मिलेगी। आपके लिए अचानक धन लाभ के स्त्रोत खुलेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके काम को देखते हुए अच्छी पदोन्नति मिलेगी। आज आप ऑफिस में अपने काम के कारण काफी व्यस्त रहेंगे। घर में नन्हें मेहमान के आने से खुशियाँ आएंगी। लोग आपको बधाई देंगे। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है, सफलता मिलने के योग बने हुए है।

**मकर**

आज आपका दिन मंगलमय रहेगा। आपको अपनी नौकरी में उत्तम परिणाम देखने को मिलेंगे। आपके लिए परिस्थितियां अनुकूल रहेंगी। कार्यस्थल पर विरोधी कुछ मुश्किलें खड़ी करेंगे, लेकिन आप अपने काम पर फोकस करेंगे। आपकी एकाग्रता आपको सफलता दिलाएगी। आपकी बचत योजनाएं कामयाब रहेंगी। आपको निवेश करने का सुनहरा मौका मिलेगा। आप परिवार के साथ किसी अच्छी जगह घूमने जा सकते हैं। आज आप अपने स्वभाव में थोड़ी विनम्रता लाएं। बच्चे अपने जरुरत का सामान खरीदने के लिए आपसे कह सकते है।

**कुंभ**

आज आपका दिन फायदेमंद रहेगा। पारिवारिक जीवन में खुशियां देखने को मिलेंगी। बहुत समय से रुके हुए काम पूरे होंगे। कार्यक्षेत्र में आपको सहकर्मियों का साथ मिलेगा। आप अपने मित्रों के साथ आनंदपूर्वक दिन बिताएंगे। आज आपका दांपत्य जीवन खुशहाल रहेगा। आज आप जीवनसाथी के साथ खरीदारी करने में व्यस्त रहेंगे। घर में फंक्शन होने की संभावना है। कुछ लोग साझेदारी में व्यापार शुरू करेंगे। आज आपके संतान को पढ़ाई के क्षेत्र में उन्नति मिलेगी। जिसे सुनकर आपको खुशी मिलेगी। आज आपका दाम्पत्य जीवन शानदार रहने वाला है।

**मीन**

आपके लिए आज का दिन उत्तम रहेगा। आज व्यापार में अचानक धन लाभ होने से आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। आज शत्रु पक्ष आपको परेशान करने की नाकाम कोशिश कर सकता है। प्रशासनिक पद पर कार्यरत लोगों के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है। शिक्षकों का ट्रांसफर उनके मन पसंद जगह पर होगा। स्पोर्ट से जुड़े लोगों को सफलता मिलने के योग बने हुए है थोड़ी और मेहनत करने की जरुरत है। लवमेट आज एक दूसरे को उपहार देंगे, जिससे रिश्ते में और मजबूती आएगी।

# क्रिकेट, राजनीति और सन्यास

(राकेश अचल-विभूति फीचर्स)



ऑस्ट्रेलिया के धाकड़ बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने वनडे क्रिकेट से संन्यास लेकर सभी को चौंका दिया। दुनिया के तमाम क्रिकेटर स्मिथ की तरह ही क्रिकेट से एक तय समय के बाद खुद सन्यास लेने का सार्वजनिक ऐलान करते हैं ,लेकिन दुनिया में खासतौर पर भारत में ऐसे बहुत कम नेता हैं जो स्वेच्छा से राजनीति से सन्यास लेने का ऐलान करते हों। भारतीय परम्परा में तो सन्यास जीवन की सर्वोत्कृष्ट अवस्था है। सन्यास की सनातन परम्परा सामंतकाल में भी थी लेकिन लोकतंत्र में इसका परित्याग कर दिया गया है। अकेली राजनीति ऐसी है जिसमें आश्रम व्यवस्था लागू नहीं होती । यानि न नेता ब्रह्मचर्य का पालन करता है , न गृहस्थ रहना चाहता है और न वानप्रस्थ में जाना चाहता है ,सन्यास लेना तो बहुत दूर की बात है। राजनीति में जब कोई सन्यास नहीं लेता तो उसे मार्गदर्शक मंडल में डाल दिया जाता है।

मैंने जब से होश सम्हाला है तभी से राजनीति में सक्रिय बहुत कम लोगों को राजनीति से सन्यास लेने की घोषणा करते देखा है ,उलटे सन्यास ले चुके लोग राजनीति में घुसपैठ करते जरूर देखे हैं और इस समय तो राजनीति में सन्यासियों की पौ -बारह है। वे केंद्र में भी मंत्री हैं और राज्य में मुख्यमंत्री भी। खिलाड़ियों का खेल से सन्यास लेना आम बात है लेकिन राजनीति में सन्यास लेना ख़ास घटना मानी जाती है। नेताओं को उनकी अपनी पार्टियां जबरन हाशिये पर डाल देतीं हैं क्योंकि वे खिलाड़ियों की तरह खेल भावना से राजनीति से सन्यास नहीं लेते। किसी भी दल में राजनीति से सन्यासी न हों ऐसी बात नहीं है,लेकिन उनकी संख्या न के बराबर है। नानाजी देशमुख, कामराज या ज्योति बसु जैसे बहुत कम नेता हुए हैं जिन्होंने स्वेच्छा से राजनीति से सन्यास लिया हो । सवाल यह है कि आखिर राजनीति में ऐसा क्या है जो नेता उससे सन्यास नहीं लेना नहीं चाहते ? इस विषय पर न किसी ने शोध किया है और न पीएचडी की उपाधि हासिल की है ,क्योंकि इस विषय पर शोध करने की न फुरसत है और न इजाजत। मान लीजिये इजाजत मिल भी जाए तो गाइड नहीं मिलेगा। क्योंकि विषय ही अछूत है।

राजनीति से सन्यास लेने वाले भारत के प्रमुख नेताओं पर यदि आपको निबंध लिखने के लिए कह दिया जाये तो आप मुश्किल से एक-दो पृष्ठ ही लिख पाएंगे,क्योंकि राजनीति से ससम्मान सन्यास लेने वाले हैं ही गिने चुने। देश के पहले प्रधानमंत्री से लेकर आज के प्रधानमंत्री तक किसी ने राजनीति से सन्यास लेने के बारे में कार्ययोजना बनाना तो दूर, कभी सोचा तक नहीं। इस मामले में हर विचारधारा के नेता एक जैसा सोचते है। राजनीति में व्यक्ति जीवन पर्यन्त सक्रिय रहना चाहता है। कुर्सी के बिना जीवित रहना किसी भी नेता के लिए असम्भव काम है। भारतीय राजनीति में कोई सन्यास नहीं लेता लेकिन शारीरिक अस्वस्थता की वजह से उसे घर बैठना पड़े तो अलग बात है। मिसाल के तौर पर पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेयी।




दुनिया में राजनीति ही एक मात्र ऐसा क्षेत्र है जहाँ सन्यास का न कोई लिखित विधान है और न कोई विवादास्पद इतिहास।हमारे सनातन में तो राजा- महाराजा अपने जीते जी अपने उत्तराधिकारी की न सिर्फ घोषणा कर देते थे बल्कि उनका राज्याभिषेक भी करा देते थे। राजनीति में नेता अपने उत्तराधिकारी तो घोषित करते हैं लेकिन खुद सन्यास नहीं लेते। हमारी संसद और विधानसभाओं में पिता-पुत्र ,पति-पत्नी,भाई-भाई साथ -साथ मिल जायेंगे। राजनीति से नेताओं को सन्यास केवल मृत्यु ही दिलाती है। मुमकिन है कि मै गलत होऊं ,लेकिन मैंने तो अपनी स्मृति में अपवादों को छोड़ किसी को औपचारिक रूप से सन्यास लेते नहीं देखा। आपने देखा हो तो जरूर बताएं।

मौजूदा राजनीति में हमारे अनेक नेता 80 पार कर चुके हैं लेकिन राजनीति छोड़ने को तैयार नहीं हैं ,ये भी पता नहीं चल पता कि राजनीति ने नेताओं को पकड़ रखा है या नेताओं ने राजनीति को ? अब कांग्रेस से ही शुरू कीजिये। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे हो या ,श्रीमती सोनिया गाँधी सन्यास के बारे में कोई योजना अभी तक नहीं बना पायीं हैं।

भाजपा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का भी राजनीति से सन्यास लेने का कोई इरादा नहीं है। एनसीपी के शरद पंवार हर बार, आखिरी बार कहते हैं और हर बार राजनीति से चिपके दिखाई देते हैं। राजद के लालू प्रसाद जी ने अपनी पत्नी और बेटे -बेटियों को भी स्थापित कर दिया लेकिन सन्यास की घोषणा नहीं की।

बहन मायावती तो किसी आश्रम में रहीं ही नहीं इसलिए उनके सन्यास आश्रम में जाने का सवाल ही नहीं उठता। सन्यास की उम्र तो बहन ममता बनर्जी की भी हो गयी है लेकिन वे भी इस बारे में शायद सोच नहीं पायी हैं। नीतीश कुमार भी सन्यासी नहीं बनना चाहते। समाजवादियों में भी कोई सन्यासी हो तो आप बताइये ? वामपंथियों में एकमात्र ज्योति बसु अपवाद रहे,उन्होंने स्वास्थ्य कारणों से राजनीति से सन्यास लेकर बुद्धदेव भट्टाचार्य को अपना उत्तराधिकारी बना दिया था ,अन्यथा वामपंथी भी आजन्म नेता होते हैं और मरते समय तक पोलित ब्यूरो सम्हालने का हौसला रखते हैं।

मुझे लगता है कि राजनीति में सन्यास शब्द से चिढ़ने वाले,सन्यास को फालतू की चीज मानने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। किसी दल में कोई ऐसा नेता नहीं है जो स्मिथ,सचिन तेंदुलकर और कपिल देव की तरह अपने सक्रिय जीवन से सन्यास लेने की घोषणा कर अपने चाहने वालों को चौंकाए। अमेरिका में जो वाइडन 80 पार कर भी सन्यासी नहीं बने ,वे तो ईसाई हैं ,उनके यहां शायद सन्यास की व्यवस्था नहीं है। वहां शायद रिटायरमेंट चलता है। हम भारतीयों की जीवन शैली में सन्यास एक खास व्यवस्था है लेकिन हमारे नेता सन्यास के नाम से ही बिदक जाते हैं। आपको यकीन न हो तो अपने क्षेत्र के किसी विधायक,सांसद,मंत्री या अपने वार्ड के पार्षद से ही राजनीति से सन्यास लेने के बारे में प्रश्न करके देख लीजिये ? हकीकत समझ जायेंगे।

# सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के बेहतर से बेहतर संचालन की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं : उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल

**सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया सतत जारी रखें : उप मुख्यमंत्री**

**सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में शीघ्र ही डीएम व एमसीएच के पाठ्यक्रम प्रारंभ होंगे : उप मुख्यमंत्री**



**रीवा,कासं.।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा का सुपर स्पेशलिटी अस्पताल विन्ध्य क्षेत्र के लिए वरदान साबित हुआ है। अल्प समय में ही इस अस्पताल की अपनी पहचान बन गई है। यहाँ पदस्थ चिकित्सकों ने गंभीर मरीजों का बेहतर इलाज किया है। इसे और बेहतर बनाने की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। चिकित्सकों सहित सहयोगी स्टाफ के रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया सतत जारी रखी जाए। उप मुख्यमंत्री ने सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में रिक्त पदों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि वॉकइन माध्यम से पदों की पूर्ति की कार्यवाही कराएं। उन्होंने अस्पताल में हृदय रोगियों के लिए की जाने वाली बाईपास सर्जरी के संबंध में डॉक्टर्स व सहयोगी स्टाफ की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि अस्पताल में नियमित बाईपास किए जाएं। इसके लिए यदि बाहर से एनेस्थेटिक विशेषज्ञ व अन्य सहयोगी स्टाफ को बुलाया जाए तो उनकी सुविधाओं का ख्याल रखा जाए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में डीएम व एमसीएच के पाठ्यक्रम शीघ्र ही प्रारंभ होंगे जिससे यहाँ अध्ययन करने वाले चिकित्सकों की सुविधाएं भी अस्पताल को मिलने लगेंगी। उप मुख्यमंत्री ने सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में पदस्थ चिकित्सकों के पदोन्नति के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों के लिए आवासीय परिसर का निर्माण चल रहा है। इसे और गति देते हुए निश्चित समय सीमा में पूर्ण करा लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कैंसर यूनिट की स्थापना विन्ध्य क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि होगी। इसका निर्माण कार्य भी प्रगति में है। उन्होंने कहा कि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में एमआरआई एवं नवीन कैथलैब शीघ्र स्थापित कर दी जाएगी। बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, डीन डॉ सुनील अग्रवाल, अधीक्षक सुपर स्पेशलिटी अस्पताल डॉ अक्षय श्रीवास्तव, अधीक्षक संजय गांधी अस्पताल डॉ राहुल मिश्रा सहित चिकित्सक तथा निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# किसान सम्मान निधि के लिए 20 मार्च तक सभी की बनाएं फार्मर आईडी : कलेक्टर

**फार्मर आईडी बनाने के लिए गांव के क्लस्टर में लगाएं शिविर : कलेक्टर**

**रीवा,कासं.।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के सभी हितग्राहियों की फार्मर आईडी बनाना अनिवार्य है। योजना से लाभान्वित किसानों की फार्मर आईडी लगातार बनाई जा रही है। शेष बचे किसानों की फार्मर आईडी बनाने के लिए जिले भर में 20 मार्च तक शिविर लगाए जाएंगे। इस संबंध में राजस्व अधिकारियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा है कि किसान सम्मान निधि के पात्र सभी किसानों की फार्मर आईडी 20 मार्च तक अनिवार्य रूप से बनाएं। एसडीएम और तहसीलदार 3 से 5 ग्राम पंचायतों के क्लस्टर में शिविर लगाकर शेष बचे किसानों की फार्मर आईडी बनाएं। सभी पटवारियों को प्रतिदिन कम से कम 10 फार्मर आईडी बनाने का लक्ष्य दें। डिजिटल क्राप सर्वे के लिए पंजीकृत युवाओं से भी प्रतिदिन 10 फार्मर आईडी जनरेट कराएं। कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से भी फार्मर आईडी जनरेट कराएं।

कलेक्टर ने कहा कि क्लस्टरवार शिविर आयोजन की तिथियों का निर्धारण करके शिविरों का आयोजन कराएं। प्रत्येक शिविर के लिए नोडल अधिकारी तैनात करें। ग्राम पंचायत सचिव, पटवारी तथा कृषि विभाग के मैदानी कर्मचारियों के माध्यम से फार्मर आईडी बनाकर खसरा नम्बर से किसान की आधार संख्या को लिंक कराएं। सभी किसानों को फार्मर आईडी से मिलने वाले लाभों को भी अवगत कराएं। शिविर के आयोजन के बाद सभी एसडीएम प्रतिदिन फार्मर आईडी की प्रगति की जानकारी गूगल शीट के माध्यम से अपडेट कराएं। शिविरों के आयोजन के समाचार एवं फोटो सोशल मीडिया एवं प्रिंट मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराएं। प्रत्येक शिविर के लिए शासन द्वारा 15 हजार रुपए की राशि निर्धारित की गई है। प्रत्येक क्लस्टर में कम से कम 50 प्रतिशत किसानों के पंजीयन पर ही इस राशि की पात्रता होगी। शेष बचे किसानों की 15 प्रतिशत फार्मर आईडी जनरेट करने पर 5 हजार रुपए, 30 प्रतिशत फार्मर आईडी जनरेट करने पर पुनः 5 हजार रुपए की राशि दी जाएगी। शत-प्रतिशत लक्षित किसानों की फार्मर आईडी बनने पर पूरी राशि प्रदान की जाएगी। फार्मर आईडी न बनने पर किसानों को किसान सम्मान निधि की राशि से वंचित किया जा सकता है। इसलिए इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए तय समय सीमा में फार्मर आईडी का लक्ष्य पूरा करें।

# त्यौहारों के समय कानून और व्यवस्था की कड़ी निगरानी रखें : कमिश्नर

**राजस्व और पुलिस अधिकारी संयुक्त रूप से दौरे करके कानून व्यवस्था बनाएं : कमिश्नर**

**कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए माइक्रो लेवल तक प्लानिंग करें : डीआईजी**



**रीवा,कासं.।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में त्यौहारों के दौरान शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक प्रबंधों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि होली, ईद, नवरात्रि, रामनवमी जैसे त्यौहार आने वाले हैं। त्यौहारों के दौरान कानून और व्यवस्था की कड़ी निगरानी रखें।

राजस्व और पुलिस अधिकारी संयुक्त रूप से क्षेत्र का भ्रमण करें। जिले के सभी प्रमुख शहरी क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकालें। असामाजिक तत्वों और आदतन अपराधियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करें। होली के दिन ही जुमे की नमाज भी अता की जाएगी। मस्जिदों तथा सार्वजनिक स्थलों पर पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात रहे। थाना स्तर पर शांति समिति की बैठकें आयोजित कर होली तथा अन्य त्यौहार शांतिपूर्वक मनाने के लिए सभी को समझाइश दें। होली के दिन पुलिस और राजस्व अधिकारी लगातार क्षेत्र का भ्रमण करें। कमिश्नर ने कहा कि होलिका दहन के लिए परंपरागत रूप से चिन्हित स्थलों पर ही अनुमति दें। बिजली के तार अथवा संचार माध्यमों की केबिल के नीचे होलिका दहन न करने दें। होली के दिन शराब की सभी दुकानें पूरी तरह से बंद रहेंगी। इसका कठोरता से पालन सुनिश्चित करें। त्यौहारों में नशा करके उत्पात करने, तेज गति से वाहन चलाने तथा अन्य असामाजिक गतिविधियाँ करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी होलिका दहन तथा होली के दिन जिले के सभी अस्पतालों में आपातकालीन चिकित्सा के लिए डॉक्टर एवं अन्य कर्मचारी तैनात रखें।

अधिकारी अपना सूचना तंत्र मजबूत रखें। महत्वपूर्ण सूचनाओं पर तत्परता से कार्यवाही करें। बैठक में डीआईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि कुंभ के दौरान दो महीने अधिकारियों ने कठिन परिश्रम करके तीर्थयात्रियों के लिए आवश्यक प्रबंध किए।

मुख्यमंत्री जी ने रीवा जिले के अधिकारियों को इस सफलता के लिए बधाई दी है। कुंभ की ही तरह आगामी त्यौहारों के दौरान भी तत्परता से सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखें। कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए माइक्रो लेवल तक प्लानिंग करें। असामाजिक तत्वों को चिन्हित करके उन पर लगातार कार्यवाही करें। होली के एक दिन पहले से ही वाहनों तथा नशा करने वालों की जाँच शुरू करके उन पर कार्यवाही करें। होली में कई स्थानों पर डीजे और अन्य ध्वनि विस्तार यंत्र ऊंची आवाज में बजाए जाते हैं। शांति व्यवस्था बनाए रखने और परीक्षाओं को ध्यान में रखकर इन पर कड़ी कार्यवाही करें। सभी थानों में वाहन के साथ रैपिड एक्शन टीम तैनात रहे। होली में कई स्थानों पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित होकर होली खेलते हैं। इन स्थानों में ड्रोन कैमरे से निगरानी रखें।

बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल तथा पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने त्यौहारों के दौरान कानून और व्यवस्था बनाए रखने के उपायों तथा अन्य प्रबंधों की जानकारी दी। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, सभी एसडीओपी, शहर के सभी थाना प्रभारी तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# अंगदान परोपकार का सर्वोच्च उदाहरण: उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल



**रीवा,कासं.।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि अंगदान एक महान पुण्य कार्य है, जिससे न केवल किसी का जीवन बचाया जा सकता है, बल्कि यह मानवीय संवेदना और परोपकार का सर्वोच्च उदाहरण है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने स्वर्गीय श्री पूरन चौधरी को श्रद्धांजलि अर्पित की है और समाज से अंगदान को जीवनदायी संकल्प के रूप में अपनाने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि अंगदान के प्रति बढ़ती जागरूकता, चिकित्सकों एवं मेडिकल स्टाफ की कार्य कुशलता एवं आपसी समन्वय से अत्यंत ही सुखद परिणाम आ रहे हैं। उन्होंने जबलपुर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की पूरी टीम प्रशासन और पुलिस की कुशलता एवं तत्परता की सराहना की है। उल्लेखनीय है कि 5 मार्च को जबलपुर के श्री पूरन चौधरी कार्यस्थल पर दुर्घटनाग्रस्त हो गए, जिससे उन्हें गंभीर सिर की चोट आई। मेडिकल कॉलेज जबलपुर में भर्ती होने के बाद सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के न्यूरो सर्जरी विभाग में उनकी जांच की गई, जिसमें ब्रेन डेड की पुष्टि हुई। तत्पश्चात, चिकित्सकों ने परिजनों को अंगदान के महत्व की जानकारी दी, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया। इसके बाद, स्टेट ऑर्गन एंड टिशू ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन इंदौर को सूचित कर आवश्यक तैयारियाँ की गईं।

कलेक्टर जबलपुर श्री दीपक सक्सेना के निर्देशानुसार ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया, जिससे एक किडनी बॉम्बे हॉस्पिटल इंदौर और दूसरी बड़ेरिया मेट्रो हॉस्पिटल जबलपुर में जरूरतमंद मरीज को सफलतापूर्वक ट्रांसप्लांट की गई। इस संपूर्ण प्रक्रिया में डॉ. नवनीत सक्सेना, डॉ. अवधेश प्रताप सिंह कुशवाहा, डॉ. जितिन बजाज, डॉ. फनीन्द्र सिंह सोलंकी, अन्य वरिष्ठ चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, प्रशासन और पुलिस का सराहनीय योगदान रहा। अंगदाता स्वर्गीय श्री पूरन चौधरी के पार्थिव शरीर को सम्मानपूर्वक उनके निवास स्थान पहुँचाया गया और राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

## खेल/व्यापार

## समाचार

### शेयर बाजार सपाट पर खुला, सेंसेक्स 13 अंक नीचे, निफ्टी 22,561 पर

**मुंबई, एजेंसी।** कारोबारी सप्ताह के चौथे दिन शेयर बाजार सपाट पर खुला. बीएसई पर सेंसेक्स 13 अंकों की बढ़ोतरी के साथ 74,326.32 पर ओपन हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.08 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 22,561.85 पर खुला. आज के कारोबार के दौरान तमिलनाड मर्केंटाइल बैंक, एनएमडीसी, जिंदल स्टेनलेस, सुदर्शन फार्मा इंडस्ट्रीज, ब्रिगेड एंटरप्राइजेज, रेल विकास निगम, राइट्स, लॉरस लैब्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, इंटरग्लोब एविएशन, फर्स्टसोर्स सॉल्यूशंस, टीसीपीएल पैकेजिंग, अवंती फीड्स, कैंपस एक्टिववियर और बालाजी फॉस्फेट के शेयर फोकस में रहेंगे. सभी सेक्टोरल इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए, जिसमें मेटल, ऑयल एंड गैस, फार्मा 1.5-2 फीसदी ऊपर रहे. एशियन पेंट्स, कोल इंडिया, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, बीपीसीएल, एनटीपीसी निफ्टी पर प्रमुख लाभ में रहे, जबकि टेक महिंद्रा, ट्रेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, एचडीएफसी लाइफ, कोटक महिंद्रा बैंक में गिरावट रही. बीएसई मिडकैप इंडेक्स में 0.6 फीसदी और स्मॉलकैप इंडेक्स में 1.6 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई. भारतीय इक्विटी सूचकांक 6 मार्च को निफ्टी के 22,500 से ऊपर रहने के साथ मजबूत नोट पर बंद हुआ. बंद होने पर, सेंसेक्स 609.86 अंक या 0.83 फीसदी बढ़कर 74,340.09 पर था, और निफ्टी 207.40 अंक या 0.93 फीसदी बढ़कर 22,544.70 पर था. सभी क्षेत्रीय सूचकांक हरे निशान में बंद हुए, जिनमें एफएमसीजी, धातु, तेल एवं गैस, फार्मा 1-2 फीसदी तक चढ़े।

### भारतीय शहरों में महिलाओं के लिए रोजगार छह वर्षों में 10 प्रतिशत बढ़ा

**चेन्नई, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2025 से पहले शुक्रवार को आई एक रिपोर्ट के अनुसार, शहरी भारत में महिलाओं के लिए रोजगार में पिछले छह वर्षों (2017-18 से 2023-24) में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। चेन्नई के ग्रेट लेक्स इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट द्वारा जारी की गई रिपोर्ट के अनुसार, चालीस वर्ष की आयु की शहरी महिलाओं की रोजगार दर सबसे अधिक है, जो 2023-24 में 38.3 प्रतिशत थी। रिपोर्ट में कहा गया कि 2023-24 में 8.9 करोड़ से अधिक शहरी महिलाएं लेबर मार्केट से बाहर रहीं। देखभाल संबंधी जिम्मेदारियां, लचीली कार्य व्यवस्था का अभाव और आवागमन संबंधी चुनौतियों जैसे कारण अनेक उच्च योग्यता प्राप्त महिलाओं को अर्थव्यवस्था में पूर्ण रूप से भाग लेने से रोकते हैं। रिपोर्ट में चिंता पैदा करने वाला ट्रेंड भी बताया गया। शहरी भारत में 20-24 वर्ष के आयु वर्ग के 10 प्रतिशत पुरुष बेरोजगार हैं, जबकि महिलाओं में यह आंकड़ा 7.5 प्रतिशत का है। रिपोर्ट के निष्कर्षों ने उच्च शिक्षित परिवारों में भी लैंगिक असमानता को उजागर किया। यहां तक कि दोहरी आय वाले, उच्च शिक्षित दम्पतियों में भी लैंगिक असमानताएं स्पष्ट रूप से दिखाई देती हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 62 प्रतिशत परिवारों में समान शैक्षणिक योग्यता के बावजूद पति अधिक कमाते हैं। इसके अलावा, 41 प्रतिशत घरों में पत्नियां घर के कामों की प्राथमिक जिम्मेदारी उठाती हैं, जबकि पतियों के मामले में यह आंकड़ा केवल 2 प्रतिशत है। ग्रेट लेक्स इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट की अर्थशास्त्र की प्रोफेसर और निदेशक डॉ. विद्या महाम्बरे ने कहा, शहरी भारत में कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है, लेकिन यह अभी भी आय, करियर विकास और घरेलू जिम्मेदारियों में सही मायने में लैंगिक समानता में तब्दील नहीं हो पाई है। वास्तविक बदलाव लाने के लिए, सबसे पहले, हमें सभी के लिए अधिक रोजगार के अवसरों की आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा, चाइल्डकेयर नीतियों में संरचनात्मक सुधार, लचीली कार्य व्यवस्था और सामाजिक मानदंडों में बदलाव किया जाना चाहिए, जो महिलाओं पर अधिक बोझ डालते हैं।

# चैंपियंस ट्रॉफी में श्रेयस अय्यर के प्रदर्शन से बीसीसीआई खुश



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन कर रही है. ग्रुप स्टेज के 3 मैच और सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराकर टीम इंडिया फाइनल में पहुंच चुकी है. 9 मार्च को फाइनल में भारतीय टीम का मुकाबला न्यूजीलैंड से होगा. भारत की चैंपियंस ट्रॉफी के सफर में श्रेयस अय्यर की बेहद अहम भूमिका रही है. श्रेयस ने बेहद मुश्किल समय से टीम को निकालते हुए मैच विजयी पारियां खेली हैं।

चैंपियंस ट्रॉफी के अबतक के4 मैच में लगभग ऐसा हुआ है कि टीम इंडिया अबतक अपने शुरूआती विकेट खोकर मुश्किल में दिखती रही है. लेकिन चौथे नंबर पर बैटिंग करने आने वाले श्रेयस क्रीज पर अपनी पैर जमाते हैं और टीम को हर बार मुश्किल से निकाल ले जाते हैं. बांग्लादेश के खिलाफ हुए मैच को छोड़ दें तो पाकिस्तान के मैच में श्रेयस ने 56 रन बनाए थे और विराट के साथ तीसरे विकेट के लिए 114 रन जोड़े।

न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत ने 30 रन पर 3 विकेट खो दिए थे. श्रेयस ने 79 रन की पारी खेली थी और अक्षर के साथ चौथे विकेट के लिए 98 रन की साझेदारी की थी. सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत 43 पर भारत रोहित और गिल को खो चुका था. श्रेयस ने विराट को साथ तीसरे विकेट के लिए 91 रन जोड़े और 45 रन की पारी खेली.इन सभी मैच में भारत की जीत में उनका अहम योगदान रहा.

श्रेयस अय्यर के प्रदर्शन से बीसीसीआई खुश है और रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्हें जल्द सेंट्रल कांट्रेक्ट में शामिल किया जा सकता है. बता दें कि टेस्ट क्रिकेट और घरेलू क्रिकेट को नजरअंदाज करने की वजह से बोर्ड ने मौजूदा सेंट्रल कांट्रेक्ट से बाहर कर दिया था. लेकिन अब वे घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे हैं और शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं. इस वजह से जल्द ही वे सेंट्रल कांट्रेक्ट में वापसी कर सकते हैं। भारत को वनडे क्रिकेट में लंबे समय से एक ऐसे बल्लेबाज की तलाश थी जो चौथे नंबर पर बैटिंग करते हुए टीम के लिए परिस्थिति के मुताबिक बैटिंग कर सके. श्रेयस अय्यर ने ये तलाश पूरी की है. श्रेयस के वनडे करियर पर नजर डालें तो 69 मैचों की 64 पारियों में 5 शतक और 22 अर्धशतक लगाते हुए 2797 रन बनाए हैं।

# गोल्डन बैट की रेस में शामिल हैं रचिन रविंद्र, विराट कोहली

**-भारत और न्यूजीलैंड फाइनल के बाद मिलेगा खिताब**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल मैच भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा. दोनों टीमें 9 मार्च को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में आमने-सामने होंगी. इस टूर्नामेंट में अब तक टीम इंडिया का शानदार प्रदर्शन रहा है. भारत ने अब तक सभी 4 मैचों में जीत हासिल किया है. वहीं न्यूजीलैंड ने एक मैच में हार का सामना किया है. वो मैच भी भारत के खिलाफ था. इस टूर्नामेंट में दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है. इससे पहले चलिए जानते हैं कि कौन-कौन से खिलाड़ी गोल्डन बैट की रेस में सबसे आगे हैं. चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में अब तक इंग्लैंड के बेन डकेट ने सबसे ज्यादा रन बनाए हैं और गोल्डन बैट की रेस में सबसे आगे हैं. डकेट ने चैंपियंस ट्रॉफी के 3 मैचों में 227 रन बनाए हैं, लेकिन इंग्लैंड की टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई. ऐसे में अब भारत और न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों के पास गोल्डन बैट को अपने नाम करने का मौका है. न्यूजीलैंड के रचिन रविंद्र डकेट से सिर्फ एक रन पीछे हैं. उन्होंने 3 मैच में 226 रन बनाए हैं. उन्होंने 2 मैचों में शतक लगाया है. भारतीय स्टार बल्लेबाज विराट कोहली भी इस लिस्ट में शामिल हैं. कोहली ने 4 मैचों में 217 रन बनाए हैं।

# मेरा लक्ष्य अपने पहले मैच में गोल करना था

**-साक्षी राणा ने सीनियर टीम में अपने स्वप्निल पदार्पण पर कहा**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** साक्षी राणा ने मात्र 17 वर्ष की उम्र में भारतीय टीम में जगह बनाई और भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में भारतीय रंगों में अपने पहले सीनियर अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 में अविश्वसनीय क्षमता दिखाई।

स्पेन के खिलाफ भारत के पहले मैच के दौरान उन्हें पदार्पण का मौका मिला और दुर्भाग्यपूर्ण 3-4 से हार के बावजूद, साक्षी के लिए यह एक यादगार दिन था क्योंकि उन्होंने अपने पदार्पण मैच में एक अविश्वसनीय फील्ड गोल किया। इसके बाद उन्होंने क्रमशः स्पेन और जर्मनी के खिलाफ फिर से खेला। साक्षी ने अपने पदार्पण अनुभव के बारे में बताया, मैं अपने पदार्पण के दिन का लंबे समय से इंतजार कर रही थी, इसलिए मैं वास्तव में बहुत खुश थी। मैच से पहले मैं इतनी नर्वस नहीं थी, क्योंकि सीनियर्स ने मेरा समर्थन किया और मुझसे कहा कि आपके पहले मैच में कोई गलती नहीं है, इसलिए मैं खुलकर खेल सकती हूं।

साक्षी का गोल एक शानदार व्यक्तिगत प्रयास था। उन्होंने प्रभावी ढंग से दबाव बनाया और खतरनाक क्षेत्र में गेंद को जीतने के लिए अपने टैकल को सही समय पर किया, जिसके बाद उन्होंने एक टच लिया और सर्कल के अंदर से बैकहैंड शॉट मारकर अपना पहला गोल किया। इस पल के बारे में बात करते हुए, साक्षी ने बताया, मेरा लक्ष्य अपने डेब्यू पर स्कोर करना था, इसलिए मैं बहुत दृढ़ थी। जब मैंने प्रयास किया और गेंद छीन ली, तो मैंने देखा कि मेरे आसपास कोई नहीं था और बस शॉट मार दिया। हर कोई चिल्लाने लगा और मुझे एहसास हुआ कि मैंने गोल कर दिया है। मैं बेहद खुश थी।

जब टीम जारी की गई, तो साक्षी को शुरू में स्टैंडबाय में रखा गया था, लेकिन मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने उनकी कड़ी मेहनत और क्षमता को पहचाना और उन्हें स्पेन के खिलाफ टीम में शामिल किया।उन्होंने कहा, जब उन्होंने (हरेंद्र सिंह) मुझे बताया कि मैं खेल रही हूं, तो उन्होंने कहा कि वे मुझे नहीं, बल्कि मेरे खेल को चुन रहे हैं। उन्होंने मुझसे कहा कि मुझे गोल करने का मौका मिलेगा और सीनियर खिलाड़ी मैदान पर मेरी मदद करेंगे। मेरे गोल के बाद उन्होंने मुझे गले भी लगाया, जो मेरे लिए एक खास पल था। अपने शानदार प्रदर्शन के बावजूद, साक्षी को लगता है कि उन्हें प्रशिक्षण में अपनी गति पर काम करने की जरूरत है। चूंकि मैंने हाल ही में हॉकी इंडिया लीग और प्रो लीग में विदेशी खिलाड़ियों के खिलाफ खेला है, इसलिए मुझे एहसास हुआ है कि अब सब कुछ गति पर निर्भर करता है।

# हरमनप्रीत और एक्लेस्टोन के बीच तीखी नोकझोंक पर मिताली राज ने दी प्रतिक्रिया



**लखनऊ, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस और यूपी वॉरियर्स के बीच खेले गए डब्ल्यूपीएल 2025 मैच के दौरान एक विवाद हुआ, जिसे लेकर पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज ने अपनी राय दी। उन्होंने कहा कि जब मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर मैदान पर अंपायर से बातचीत कर रही थीं, तब सोफी एक्लेस्टोन क्या करने की कोशिश कर रही थीं, यह समझ से बाहर था। यह घटना आखिरी ओवर से पहले हुई, जब धीमी ओवर गति के कारण अंपायर ने मुंबई इंडियंस पर पेनल्टी लगाई और नियमों के अनुसार 30-यार्ड सर्कल के बाहर सिर्फ तीन फील्डरों को रखने की अनुमति दी। इस फैसले से हरमनप्रीत नाराज दिखीं और अंपायर से इस पर चर्चा करने लगीं। इसी बीच, आखिरी ओवर डालने जा रहीं अमेलिया केर भी इस फैसले से नाखुश नजर आईं। मिताली ने जियोस्टार पर बात करते हुए कहा, मुंबई इंडियंस चार मिनट की देरी से ओवर डाल रही थी, इसलिए उन्हें एक अतिरिक्त फील्डर को सर्कल के अंदर लाना पड़ा। शायद हरमनप्रीत अंपायर से इसी बारे में चर्चा कर रही थीं और सोच रही थीं कि अगर यह पहले पता होता तो वह 19वें ओवर में शबनिम इस्माइल को गेंदबाजी करातीं। लेकिन मुझे समझ नहीं आया कि एक्लेस्टोन इस बातचीत में क्यों शामिल हो रही थीं। जब एक कप्तान पहले से ही धीमी ओवर गति की सजा झेल रहा हो और अपनी फील्डिंग सेट कर रहा हो, तो किसी और खिलाड़ी का इस चर्चा में कूदना थोड़ा निराशाजनक हो सकता है। यह बस भावनाओं में बह जाने का एक पल था।

इस घटना के बाद हरमनप्रीत पर डब्ल्यूपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए उनके मैच फीस का 10 जुर्माना लगाया गया। हालांकि, मिताली ने हेली मैथ्यूज की 46 गेंदों पर 68 रनों की शानदार पारी की तारीफ की, जिसमें उन्होंने आठ चौके और दो छक्के लगाए। इस पारी की बदौलत मुंबई इंडियंस ने छह विकेट से जीत दर्ज की। उन्होंने कहा, हेली मैथ्यूज की बल्लेबाजी बेहद सहज थी। नेट स्किवर-ब्रंट, जो पावरप्ले के दौरान क्रीज पर आईं, ने शानदार स्ट्राइक रेट बनाए रखा। एक समय वह लगभग 180 की स्ट्राइक रेट से रन बना रही थीं। वह लगातार रन बना रही हैं, और उनकी यह साझेदारी मुंबई इंडियंस के लिए बहुत अहम रही। 150 का लक्ष्य कभी-कभी मुश्किल हो सकता है, खासकर तब जब सामने यूपी वॉरियर्स की स्पिनर हों। उम्मीद थी कि यूपी वॉरियर्स के स्पिनर असर दिखाएंगे। लेकिन मैथ्यूज और स्किवर-ब्रंट की साझेदारी पर कोई दबाव नहीं दिखा। मुझे लगा कि यूपी वॉरियर्स के गेंदबाजों ने ज्यादा शॉर्ट गेंद फेंकी, जिससे मुंबई इंडियंस को फायदा हुआ।

# पेयजल व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं : विधायक

## नगर पालिका सभागार में बैठक कर दिये निर्देश



**ललितपुर,ब्यूरो।** नगर पालिका सभागार में विधायक रामरतन कुशवाहा की अध्यक्षता में नगर की पेयजल व्यवस्था व यातायात व्यवस्था को दुरूस्त बनाये जाने हेतु जल संस्थान एवं जल निगम के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। विधायक ने जल निगम के अधिकारियों से पिछली आयोजित बैठक में दिये गये निर्देशों के क्रम में वार्ता की गई। विधायक द्वारा निर्देशित किया गया कि जो भी कार्य किये जा रहे है। वह समय से पूर्ण करा लें, गर्मी आने के पहले नगर वासियों को पेयजल व्यवस्था सुचारू कराये, इसमे किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य योग्य नहीं होगी। इस दौरान जल संस्थान के अवर अभियंता ने बताया कि जल संस्थान के पास 22 टैंकर उपलब्ध है, 05 टैंकर नगर पालिका द्वारा उपलब्ध कराये गये है। कुल 27 टैंकरों से दिन में 5-6 चक्कर लगवाकर आपूर्ति को सुनिश्चित कराया जाएगा। इस दौरान खराब पड़े टैंकरो के सम्बन्ध में विधायक ने 15 से 20 मार्च तक हर हाल में सभी टैंकरो को ठीक कराकर अवगत कराने के निर्देश दिये गये। एडीएम अंकुर श्रीवास्तव ने जल निगम के अधिकारियों से डाली जा रही पाईप लाइन में गुणवत्तापूर्ण कार्य कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। एडीएम ने जल निगम के अधिकारियों से डाली जा रही पेयजल लाइन में विभाग द्वारा कितने नये कनैक्शन दिये गये है कि जानकारी ली गई, जिसमें जल निगम के अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि कार्य के दौरान 700 नये कनैक्शन दिये गये है, जिन्हें अगस्त के माह में पेयजल की व्यवस्था सुचारू की जाएगी, जिसके सम्बन्ध में एडीएम ने कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। जल निगम द्वारा बनाये जा रहे ओवर हेड टैंकों के सम्बन्ध में कहा गया कि जहां भी ओवर हेड टैंक बनाये जा रहे है, उनकी सूची बनाकर नगर पालिका को अवगत कराये, जिससे कि पालिका के अवर अभियंता से उनका निरीक्षण कराकर, कराये जा रहे कार्यो की स्थिति का मुआयना किया जा सके। इस दौरान रोड कटिंग के सम्बन्ध में एडीएम ने नाराजगी व्यक्त की गई। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी बैठक में निर्देशित किया गया था कि किसी भी सड़क पर लाईन डालने से पहले व लाईन डालने के बाद की फोटो खींच कर अवगत कराया जाये, सड़क की खुदाई जे.सी.बी. मशीन से न करते हुये रोड कटर मशीन से की जाये। सड़क की खुदाई करने से पहले पालिका से अनापत्ति प्रमाण पत्र लिया जाये, जहॉ पाईप लाईनें बिछाई जा रहीं हैं, वहां सड़कों का विशेष ध्यान दिया जाये। जे.सी.बी. से कार्य कराने पर जहां एक ओर सडके खराब होती है, वही आवागमन भी बाधित होता है। अपर जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि मैन पावर बढ़ाकर रोड कटिंग मशीन से ही सड़कों की खुदाई आदि का कार्य किया जाये। इस दौरान यातायात प्रभारी को निर्देशित किया गया कि सड़क/पटरी पर जो वाहन खड़े कर दिये जाते है, उन्हें चेतावनी जारी की जाये। बड़े वाहन को शहर के बाहर ही खड़ा किया जाये व जो भी ऑटो, ई-रिक्शा वाहन शहर में रहते है, उन्हें पार्किंग पालिका द्वारा चिन्हित किये गये पार्किंग स्थलों पर ही खड़ा किया जाये। घरों के बाहर जो बड़े वाहन खड़े कर दिये जाते है, उन्हें पार्किंग में ही खड़ा किया जाये। इस दौरान समस्त मोटर साइकिल वाहन चालकों को हेलमेट लगाकर वाहन चलाने हेतु निर्देशित किया जाये। बैठक में नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्नालाल के अलावा अनेकों अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# कीतिशेष वरिष्ठ पत्रकार स्व.बाबूलाल राठौर की पुण्यतिथि मनायी



**ललितपुर,ब्यूरो।** सुपर मार्केट स्थित अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार भवन में कीर्तिशेष वरिष्ठ पत्रकार स्व.बाबूलाल राठौर की पुण्यतिथि मनायी गयी। पुण्यतिथि सभा की अध्यक्षता करते हुये कार्यालय प्रभारी अजित जैन भारती ने स्व.बाबूलाल राठौर जी के जीवन परिचय से जुड़े संस्मरणों को सुनाया। वहीं संरक्षक मण्डल सदस्य मंजीत सिंह सलूजा ने कहा कि स्व.बाबूलाल राठौर जी ने जिले के विकास में अहम योगदान दिया। बताया कि किसी प्रकार वह बेवाक अंदाज से अपने समाचार पत्र में खबरों का संकलन प्रकाशित करते थे। वहीं उन्होंने यह भी बताया कि अपने मधुर वाणी से वह हर किसी से बात करते थे। संचालन कर रहे प्रेस क्लब महामंत्री अमित सोनी ने भी अपने विचार रखते हुये कहा कि चाचा स्व.बाबूलाल राठौर के जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। सभा उपरान्त उत्तर प्रदेश शासन से मान्यता प्राप्त पत्रकार दिनेश संज्ञा के तालबेहट निवासी चचेरे भाई वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक कुमार संज्ञा के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया। अंत में पत्रकारों ने दो मिनिट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से कामनायें कीं। इस दौरान पूर्व महामंत्री रवि जैन चुनगी, पूर्व कोषाध्यक्ष रमेश कुमार रायकवार, अजय प्रताप सिंह तोमर, संजय ताम्रकार, दिव्यांश शर्मा, विनोद मिश्रा, कृष्णकांत सोनी, प्रदीप रिछारिया, अमित संज्ञा, सुनील सैनी, शहनाज, अमित लखेरा, अनूप राठौर, मनीष पाठक, शिब्बू राठौर, स्वतंत्र रिछारिया, मनोज जैन, अक्षय अलया, राजेश कुमार राठौर, सोनू ताम्रकार, गनेशराम रजक, रामस्वरूप नामदेव, राममूर्ति तिवारी, निहाल सेन, नीरज कुमार, भगवान सिंह, आशीष तिवारी आदि मौजूद रहे।

# नेमवि राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविरों में दहेज प्रथा उन्मूलन एवं नशा मुक्ति की दिलाई गई शपथ

## नशा एवं दहेज एक सामाजिक अभिशाप : प्रो.ओमप्रकाश शास्त्री





**ललितपुर,ब्यूरो।** नेहरू महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम इकाई में एक साथ विशेष शिविरों में नशा मुक्ति एवं दहेज प्रथा उन्मूलन जागरूक रैली निकाली गई एवं सभी स्वयंसेवकों को प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाश शास्त्री द्वारा दहेज उन्मूलन एवं नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही पढ़ेगा महाविद्यालय एवं बढ़ेगा महाविद्यालय कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं से कहा कि पुस्तकों से हमें ज्ञान प्राप्त होता है अधिक से अधिक हम सभी को पुस्तकों को पढनी चाहिए, तभी महाविद्यालय में अच्छे पुस्तकालय बन सकते हैं एवं छात्र-छात्राएं अपने जीवन में आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि नशा एवं दहेज समाज के लिए अभिशाप हैं। अतः हमें इन दोनों बुराइयों को समाज से समाप्त करने हेतु संकल्पबद्ध होकर कार्य करना चाहिए। ललितपुर इंटेक के संतोष शर्मा ने पुस्तकों के महत्व के साथ हमारी और संस्कृति के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रो.अनिल सूर्यवंशी ने कहा कि नशा से सभी को बचाना चाहिए नशा एक सामाजिक अभिशाप है। सहायक आचार्य हिमांशधर द्विवेदी ने कहा कि पुस्तकों से सभी विद्यार्थियों को प्रेम करना चाहिए। असि.प्रो.राजनीति विज्ञान डा.मनोज कुमार ने कहा कि नशा एवं दहेज हमारे देश की बहुत बड़ी सामाजिक कुरीतियां है। डा.शैलेन्द्र सिंह चैहान ने कहा कि हमें न तो दहेज लेना चाहिए और न ही दहेज देना चाहिए। नोडल अधिकारी डा.ओपी चैधरी ने नशा एवं दहेज की बुराइयों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम अधिकारी इकाई प्रथम डा.सुधाकर उपाध्याय ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा नींद और रफ्तार से हम लोग अपनी जान गवा बैठते हैं अतः हमें नशा से बचना चाहिए। एवं दहेज नहीं लेने की शपथ लेनी चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी इकाई द्वितीय जितेंद्र कुमार ने नशा और दहेज के दुष्प्रभाव बताएं। कार्यक्रम अधिकारी इकाई तृतीय डा.वर्षा साहू ने स्वयंसेवकों को नशे से दूर रहने की सलाह दी। कार्यक्रम अधिकारी इकाई चतुर्थ डा.राजीव निरंजन ने कहा कि नशा एवं दहेज हमारे सामाजिक पर्यावरण को पूरी तरीके से प्रदूषित कर रहे हैं। इकाई पंचम कार्यक्रम अधिकारी अनीता ने कहा कि स्वस्थ समाज के लिए यह बुराइयां ठीक नहीं है। इस दौरान प्रो.अनिल सूर्यवंशी, हिमांश धर द्विवेदी, जितेन्द्र कुमार, अनीता, डा.मनोज कुमार, डा.सुधाकर उपाध्याय, डा.शैलेन्द्र सिंह चैहान, डा.राजीव निरंजन, डा.वर्षा साहू, डा.ओ.पी. चैधरी आदि उपस्थित रहे। अंत में प्राचार्य प्रो.ओमप्रकाश शास्त्री ने शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को दहेज उन्मूलन एवं नशा मुक्ति की शपथ दिलाई।

# नकाबपोश बदमाशों ने किये तमंचे से फायर

## ईंट पत्थरों से घर पर किया हमला, गाडियां तोड़ी

## बदमाशों की दहशत से दहला पिसनारी बाग



**ललितपुर,ब्यूरो।** ढ़ाई दर्जन से अधिक नकाबपोश बदमाशों ने हथियारों से लैस होकर राजघाट रोड स्थित पिसनारी मोहल्ले में दहशत फैला दी। सूचना मिलने पर शहर कोतवाल भारी पुलिस बल लेकर मौके पर पहुंचे। पुलिस के मौके पर पहुंचने के पहले बदमाशों ने जमकर पत्थरबाजी की। तमंचे से फायरिंग करते हुये लोगों को जान से मारने का भी प्रयास किया। प्रकरण को लेकर शिकायती पत्र कोतवाली पुलिस को दिया गया है।

जानकारी देते हुये पिसनारी बाग मोहल्ले में रहने वाले अमन खटीक पुत्र राजेश खटीक ने बताया कि शुक्रवार की सुबह करीब 11.40 बजे वह अपने परिवार के साथ घर में था। तभी घर के बाहर से गालियां देने की आवाजें सुनाई दी, जिसे सुनकर वह गेट खोलकर बाहर पहुंचा तो देखा कि उसके ही घर के बाहर करीब 25 से 30 नकाबपोश बदमाश हाथों में हथियार लेकर उसे ललकार रहे थे। यह देखकर वह तत्काल गेट बंद कर घर के अंदर पहुंचा और परिवार को सुरक्षित करते हुये छत की ओर भागा।

बताया कि इसी दौरान बदमाशों ने उसके घर पर ईंट पत्थरों से हमला कर दिया और गेट में भारी भरकम हथियार मारी। आरोप है कि इसी बीच कुछ लोगों ने उस पर जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर भी झोंक दिया। बताया कि बंदूक की गोली उसके आसपास से होकर निकल गयी। अमन खटीक ने कुछ लोगों की पहचान करते हुये उनके नाम भी पुलिस को बताये हैं। बताया कि उक्त लोगों ने उसके घर के बाहर खड़ी गाडियों को भी पत्थर ईंट मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ित ने बताया कि हमलावर कह रहे थे कि आज तो बच गये, जिस दिन दिखेंगे उस दिन जान से मार डालेंगे।

बताया कि वह दहशत के चलते झांसीपुरा में रहने वाले अपने छोटे चाचा के घर पहुंचे, जहां उक्त लोगों ने पहुंच कर हमला कर दिया, जिससे उसके चाचा विक्की खटीक के साथ भी मारपीट कर उनके पैर तोड़ दिये। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि उक्त लोग पुलिस व प्रशासन को जेब में रखने की बात कह रहे थे। पूर्व में भी उक्त लोगों के खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। अब पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# साप्ताहिक परेड का एसपी ने किया निरीक्षण, ली सलामी



**ललितपुर,ब्यूरो।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने शुक्रवार को साप्ताहिक परेड का निरीक्षण करते हुये सलामी ली। एसपी ने पुलिस लाइन स्थित क्वार्टर गार्द, स्टोर, आर्मरी आदि का निरीक्षण कर शस्त्रों की साफ-सफाई व उचित व्यवस्थापन, संबंधित अभिलेखों को अपडेटेड रखने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अलावा यू.पी. 112 के वाहनों को चेक कर उसमें कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वह इवेन्ट की सूचना पर शीघ्र-अतिशीघ्र पहुंचकर पीड़ित को हरसंभव मदद करें तथा पीड़ित के साथ शिष्टतापूर्वक व्यवहार करना सुनिश्चित करें। परेड में शामिल पुलिस कर्मियों से उनकी समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित को अविलम्ब निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। डायल 112, परिवहन शाखा, स्टोर, पुलिस मेस, पुलिस स्नानागार,बारबर शॉप, बैरकों, पुलिस कैटींन एवं पुलिस लाइन की विभिन्न मदों को चेक कर उचित साफ- सफाई हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। आदेश कक्ष में अर्दली रुम के दौरान पुलिस कर्मियों के प्रशिक्षण रजिस्टर, रिजर्व पुलिस लाइन्स की विभिन्न मदों के रजिस्टरों का अवलोकन करते हुये संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय, क्षेत्राधिकारी लाइन्स रक्षपाल सिंह व पुलिस उपाधीक्षक सुनील भारद्वाज, प्रतिसार निरीक्षक जगदीश चन्द्र के अलावा अनेकों पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# सत्ता में बने रहने को समाज में जहर घोल रही है भाजपा : नेपाल सिंह

## सपा की मासिक बैठक में जिलाध्यक्ष ने पीडीए चौपाल को अनवरत रूप से जारी रखने के दिए निर्देश



**ललितपुर,ब्यूरो।** समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष नैपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिलाध्यक्ष ने राष्टीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आदेश पर एवं प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के निर्देशन में पीडीए चौपाल अनवरत रूप से जारी रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता गांव-गांव और घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं और केंद्र व प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों से लोगों को अवगत कराएं। उन्होंने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार समाज को बांटकर सत्ता पर काबिज रहना चाहती है। हमें इनकी नापाक मंशाओं को सफल नहीं होने देना है और समाज को एकजुट रखना है।भाजपा सरकार देश में नफरत फैलाने का काम कर रही है। उन्होंने बताया कि आज का गरीब, मजदूर, किसान, और नौजवान सरकार से परेशान है। उन्होंने आगे कहा कि सभी को मिलकर काम करना है। मासिक बैठक में ज्योति सिंह लोधी, भजनलाल कुशवाहा, महासचिव डॉक्टर शिशुपाल सिंह लोधी, मक्खन कुशवाहा, तुलसीराम अहिरवार, गीता मिश्रा, शत्रुघ्न यादव, सोन सिंह, रामनरेश यादव, राजेंद्र डुलावन, जयपाल सिंह, शिशुपाल आलापुर, नीलू रजक, अरशद मंसूरी,एडवोकेट जगभान सिंह, देशराज सिंह, विजय यादव, परवेज पठान, ह्रदेश यादव मुखिया, गौरव विश्वकर्मा, आकिब मंसूरी, शाकिर अली मंसूरी, मूरत सिंह, राममूर्ति तिवारी, प्राण सिंह, तिलक सिंह, रूप सिंह, दीपक सेन, सहरोज खान, राजेंद्र यादव, राजेश झा, राजा यादव, राजेश कुशवाहा, पुष्पेंद्र दिनेरिया, आजाद मोतीखेड़ा, जगदीश अहिरवार, हुकुम सिंह, संतोष पिपरिया, जन्डेल सिंह, जय सिंह, महेंद्र साहू, शाहिद अली, तिलक सिंह, प्राण सिंह, राकेश नोनेरिया, भरत पाल, अजयपाल यादव, धर्मेंद्र नोनेरिया, लाखन यादव, राजीव, राकेश धोर्रा, देवेंद्र टोड़ी, सहदेव, रवि खटीक, प्रमोद इमलिया आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शादी समारोह में खाना खाने गये युवक पर तलवार से हमला

**ललितपुर।** शहर क्षेत्रांतर्गत झांसीपुरा में रहने वाले चक्रेश कुमार पुत्र इन्द्रप्रकाश ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 5 मार्च की रात करीब 11.30 बजे वह अपने चाचा की पुत्री के विवाह में खाना खाने के लिए अम्बेड़कर चौराहा के पास स्थित एक मैरिज गार्डन गया हुआ था। समारोह में ग्राम चक महरौनी निवासी रितिक व उसका पिता बब्लू, झांसीपुरा निवासी संदीप पुत्र रामसेवक के साथ तलवार लेकर आ पहुंचे और बिना कारण ही विवाद करने लगे। आरोप है कि विवाद करने से मना किया तो उक्त लोगों ने गालियां देते हुये मारपीट कर दी। मौके पर उसके भाई योगेश, दीपक पुत्रगण चेनसुख आये और घटना को देखकर बीच-बचाव किया। तीनों उस समय गालियां देते हुये मारपीट करते रहे।

# कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने डीएलसीसी की बैठक ली

## बैठक में अनुपस्थित बैंकों पर जताई नाराज़गी

## कृषि और शिक्षा से जुड़े ऋण प्रकरणों को प्राथमिकता से करें समाधानः कलेक्टर डॉ सिंह



**रायपुर,कासं.।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कलेक्ट्रेट स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं परामर्शदात्री समिति कि विशेष 192वीं बैठक दिसंबर तिमाही (डीएलसीसी) की बैठक ली। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि सभी बैंक कृषि और शिक्षा से जुड़े ऋण प्रकरणों को प्राथमिकता से लें। यदि किसी भी बैंक में ऋण से जुड़े प्रकरण आते है तो लंबित ना रखें। कम से कम औपचारिकता करते हुए प्रक्रियाओं को जल्दी पूर्ण करें और हितग्राहियों को जल्द ऋण प्रदान करें। कलेक्टर ने बैठक में बैंकों के प्रतिनिधियों के अनुपस्थित रहने पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने उक्त बैंकों के क्षेत्रीय प्रबंधन को कड़ा चेतावनी पत्र लिखने के निर्देश एलडीएम को दिए। साथ ही इसकी प्रतिलिपि रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया को अग्रिम कार्रवाई के लिए देने को कहा। कलेक्टर डॉ सिंह ने कहा कि एनआरएलएम और एनयूएलएम से जुड़े प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि इनसे जुड़े ऋण प्रकरणों का संवेदनशीलता के साथ विचार करें और उनकी प्रक्रियाओं को जल्द पूर्ण करें। बैठक में एलडीएम श्री सिराज हाईत ने जानकारी दी कि एनआरएलएम ने अपना शत प्रतिशत और एनयूएलएम ने 98 प्रतिशत पीएम स्वानिधि योजना में 92 प्रतिशत लक्ष्य अर्जित किया गया। साथ ही उन्होंने 2024-25 में प्राथमिकता लोन के टारगेट दिसंबर तिमाही तक 87 प्रतिशत अर्जित कर लिया है। इस पर डॉ सिंह ने सराहना करते हुए कहा कि सारे बैंक भविष्य में भी ऐसे जुड़े प्रकरणों का गंभीरता से समाधान करें। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री कुमार बिश्वरंजन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# सांसद बृजमोहन ने किया जन औषधि केंद्र का अवलोकन

## राजधानी के सभी वार्डों में जन औषधि केंद्र खोलने के निर्देश

## गरीबों को सस्ती दवाएं और युवाओं को मिलेगा रोजगारः सांसद अग्रवाल






**रायपुर,कासं ।** सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने शुक्रवार को जन औषधि दिवस के अवसर पर कालीबाड़ी चौक में जन औषधि केंद्र का शुभारंभ किया और इसका अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना के अनुरूप यह जन औषधि केंद्र खोला गया है,जहां बाजार से 80 से 90 प्रतिशत कम दामों पर दवाएं उपलब्ध होंगी। इससे आम जनता,विशेष रूप से गरीब और जरूरतमंद लोग, जो महंगी दवाइयों के कारण उचित इलाज नहीं करा पाते थे, उन्हें सीधा लाभ मिलेगा। श्री अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि राजधानी के सभी 70 वार्डों में 70 और पूरे रायपुर लोकसभा क्षेत्र में 200 जन औषधि केंद्र खोलने की योजना है, जिससे न केवल गरीबों को सस्ती दरों पर दवाएं मिलेंगी बल्कि युवाओं को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इस योजना को शीघ्रता से लागू करने के निर्देश दिए। सांसद अग्रवाल ने यह भी घोषणा की कि जिला अस्पताल में ओपीडी के बाहर स्थित जन औषधि केंद्र को मुख्य मार्ग की ओर स्थानांतरित किया जाएगा, ताकि मरीजों को अधिक सुविधा मिल सके। इसके लिए उन्होंने सांसद निधि सेपांच लाख देने की घोषणा की। इस कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ.मिथिलेश चौधरी,प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के मैनेजर अनीस वोडिटेलवर,निगम सभापति,सूर्यकांत राठौर, पार्षद अमर गिदवानी, पार्षद अंबर अग्रवाल,पार्षद,रवि सोनकर सहित विभागीय अधिकारी, मेडिकल स्टाफ और सैकड़ों स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

जन औषधि केंद्रों के विस्तार की इस पहल से रायपुर लोकसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुलभ एवं किफायती बनाया जाएगा, जिससे प्रदेश के हजारों लोगों को लाभ मिलेगा।

# यातायात सुधार के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ किया जाए : सांसद श्री कुशवाह

## जिला यातायात समिति की बैठक सम्पन्न



**ग्वालियर।** शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने क लिये सभी विभाग समन्वित रूप से कार्य करें। यातायात व्यवस्था के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ किया जाए। यातायात में बाधक विद्युत पोलों को शिफ्ट करने का कार्य नगर निगम एवं विद्युत मंडल आपसी समन्वय के साथ तत्परता से पूर्ण करें। क्षेत्रीय सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह ने जिला यातायात समिति की बैठक में यह बात कही। यातायात सुधार के संबंध में बैठक में सभी विभागों के साथ विस्तार से चर्चा की गई। जिला यातायात समिति की बैठक कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में शुक्रवार को आयोजित की गई। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष ग्रामीण श्री प्रेम सिंह राजपूत, कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, वरिष्ठ अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह, अपर कलेक्टर श्री कुमार सत्यम, नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय, एडीएम श्री टी एन सिंह, चेम्बर ऑफ कॉमर्स के श्री दीपक अग्रवाल सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। क्षेत्रीय सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह ने यातायात व्यवस्था की समीक्षा के दौरान कहा कि प्रथम चरण में इंदरगंज चौराहा एवं सात नंबर चौराहा मुरार के यातायात को व्यवस्थित करने का निर्णय लिया गया है। नगर एवं ग्राम निवेश विभाग के अधिकारी पुलिस एवं नगर निगम के अधिकारियों के साथ दोनों चौराहों का भ्रमण कर यातायात को और कैसे बेहतर बनाया जा सकता है, इसका प्रस्ताव भी तैयार करें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि ऐसे विद्युत पोल जो यातायात में बाधक हैं, उन्हें शिफ्ट करने की कार्रवाई नगर निगम एवं विद्युत विभाग के अधिकारी तत्परता से करें। इस कार्य में दोनों विभाग समन्वय स्थापित कर कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करें। क्षेत्रीय सांसद श्री कुशवाह ने परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया है कि शहर में संचालित शतप्रतिशत स्कूल बसों की फिटनेस चैक करने का कार्य किया जाए। किए गए कार्य की विस्तृत रिपोर्ट भी जिला यातायात समिति की बैठक में रखी जाए। बच्चों के स्कूल बस की चैकिंग में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया कि राजमार्ग पर विद्युत व्यवस्था के लिये विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा जाए, ताकि अंधेरे के कारण कोई दुर्घटना न हो सके। इसके साथ ही यातायात पुलिस द्वारा बताए गए सभी स्थानों पर विभागीय अधिकारी शाइनेज लगाने का काम भी शीघ्रता से करें। दुर्घटना संभावित क्षेत्रों पर ऐसे बोर्ड लगाए जाएं। इसके साथ ही बोर्ड के नीचे रेडियम भी लगाएं ताकि रात में भी वह दिखाई दे सकें। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि बैठक में चाही गई जानकारी समय पर प्रस्तुत करें। किसी भी विभाग के सामने अप्राप्त जानकारी नहीं अंकित होना चाहिए। अधिकारी इस कार्य को गंभीरता के साथ करें। क्षेत्रीय सांसद श्री कुशवाह ने वन विभाग के अधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि वे यातायात व्यवस्था के जो कार्य हैं, उन्हें प्राथमिकता के साथ करें। बैठक में पुलिस विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग, नगर निगम और यातायात पुलिस द्वारा यातायात सुधार के लिये किए गए कार्यों को प्रजेंटेशन के माध्यम से बताया गया। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने शहर में यातायात सुधार के लिये लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क परियोजना के साथ ही नगर निगम के माध्यम से भी अनेक कार्य कराए जा रहे हैं। विद्युत पोल शिफ्टिंग के कार्यों को भी प्राथमिकता के साथ कराया जायेगा। इंदरगंज और मुरार चौराहे पर यातायात को और बेहतर बनाने की दिशा में सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह ने पुलिस विभाग के माध्यम से यातायात सुधार के लिये किए जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा निरंतर चैकिंग के माध्यम से चार पहिया वाहनों में काली फिल्म लगाने वालों, अवैध हूटर और बुलट में तेज आवाज वाले साइलेंसर लगाकर घूमने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही सभी चौराहों पर नियमित चैकिंग का कार्य भी पुलिस विभाग द्वारा किया जा रहा है। यातायात पुलिस के माध्यम से निरंतर ब्लैक स्पॉट को ठीक करने की कार्रवाई भी की जा रही है। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने नगर निगम के माध्यम से यातायात सुधार के लिये किए गए कार्यों का प्रजेंटेशन दिया। इसके साथ ही जिला यातायात समिति में लिए गए निर्णयों का परिपालन तत्परता से करने का आश्वासन दिया।

# शहरी क्षेत्र के वार्ड-61 से 66 तक के विद्युतीकरण का प्रस्ताव करें तैयार : सांसद श्री कुशवाह

## जिला स्तरीय विद्युत समिति की बैठक आयोजित



**ग्वालियर।** शहरी क्षेत्र के वार्ड क्र.-61 से 66 तक के सभी वार्डों के विद्युतीकरण का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा जाए। इन वार्डों में बेहतर विद्युत व्यवस्था हो, इसे प्राथमिकता से किया जाए। क्षेत्रीय सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह ने जिला स्तरीय विद्युत समिति की बैठक में यह बात कही। कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में जिला स्तरीय विद्युत समिति की बैठक में विद्युतीकरण के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान सहित विद्युत विभाग के शहरी तथा ग्रामीण अधिकारी और विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। क्षेत्रीय सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए ट्रांसफार्मरों के सुधार, लाइनों के सुधार का कार्य शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में प्राथमिकता से किया जाए ताकि गर्मी के मौसम में विद्युत आपूर्ति में किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। उन्होंने यह भी कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से विद्युत सुधार के लिये जो धनराशि प्राप्त हुई है उनका कार्य तेजी के साथ पूर्ण किया जाए ताकि ग्रामीणों को बेहतर विद्युत आपूर्ति प्राप्त हो सके। बैठक में बताया गया कि केन्द्र सरकार की वित्तीय सहायता से पोषित आरडीएसएस योजना के अंतर्गत लॉस रिडक्शन हेतु 151.60 करोड़ रूपए की राशि प्राप्त हुई थी, जिनमें अतिरिक्त वितरण परिणामित्रों की स्थापना, 1500 केव्हीआर कैपेसिटर की स्थापना व तारों की विद्युत क्षमता वृद्धि के कार्य किए जा रहे हैं। बैठक में विद्युत विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत जिले में विद्युत सुधार के लिये किए जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही शहर में नवीन सब स्टेशन निर्माण के संबंध में भी जानकारी दी गई।

# सीएम हैल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण को दें सर्वोच्च प्राथमिकता : संभाग आयुक्त श्री खत्री

## संभाग स्तरीय अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित



**ग्वालियर।** संभागीय आयुक्त श्री मनोज खत्री ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सीएम हैल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का निराकरण तत्परता से कर जवाब पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। एल-1 अधिकारी नियमित शिकायतों को देखें और उनके निराकरण की कार्रवाई करें। उक्त कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता से किया जाए। उन्होंने संभाग स्तरीय अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए हैं। संभागीय आयुक्त श्री खत्री ने विभागीय अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि भारत सरकार, राज्य सरकार या अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले पत्रों पर समय-सीमा अंकित होने पर प्रकरण का निराकरण तत्परता से कर नस्ती आयुक्त कार्यालय के अवलोकनार्थ प्रस्तुत करें। इसके साथ ही न्यायालयीन प्रकरणों में विभागीय अधिकारी समय रहते जवाब तैयार कर प्रस्तुत करें। उन्होंने विधानसभा प्रश्न, आश्वासन, ध्यान आकर्षण सूचना के संबंध में भी विधानसभा पोर्टल का नियमित अवलोकन कर चाही गई जानकारी समय-सीमा में अपलोड करने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। संभागीय आयुक्त श्री खत्री ने संभागीय अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि विभिन्न आयोगों के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों के संबंध में भी प्रतिवेदन तैयार कर जानकारी भेजें और उसकी नस्ती आयुक्त कार्यालय को भी भेजना सुनिश्चित करें। उन्होंने शासन की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों का क्रियान्वयन प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए हैं ताकि पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ उपलब्ध हो सके। बैठक में संभागीय अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग की योजनाओं के संबंध में की गई कार्रवाई से अवगत कराया।

# ट्रांसफार्मर व खंभों से दूर जलाएं होली : ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

**भोपाल/ग्वालियर।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने आम नागरिकों तथा ग्रामीणजनों से आग्रह किया है कि वे होली जलाने को लेकर सावधानी बरतें। ट्रांसफार्मर व खंभों से दूर होली जलाएं, ताकि किसी तरह की कोई दुर्घटना न हो। साथ ही सरकारी संपत्ति को किसी तरह की कोई क्षति न पहुंचे। उन्होंने कहा कि विद्युत लाईनों, उपकरणों एवं खंभो से छेड़खानी करना विद्युत अधिनियम 2003 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि जरा सी असावधानी या छेड़खानी से बड़े-बड़े खतरे पैदा हो सकते हैं। इसलिए आम लोगों को कुछ जरूरी सावधानियां बरतनी चाहिए। ऐसी लाईनें जिनमें विद्युत शक्ति प्रवाहित होती है, यदि ऑधी तूफान या अन्य कारणों से अकस्मात टूट जाएं तो उनके समीप जाकर, उन्हें छूकर खतरा मोल न लें। लाईन टूटने की सूचना निकटस्थ कंपनी अधिकारी को अथवा विद्युत कर्मचारी को शीघ्र दें, संभव हो तो किसी व्यक्ति को उस जगह, अन्य राहगीरों को चेतावनी देने के लिए रखें अथवा 1912 पर संपर्क कर सूचना जरूर देवें। नये घर बनाते समय विद्युत पारेषण अथवा वितरण लाईन से समूचित दूरी रखें, यह कानून की दृष्टि से भी आवश्यक है। उचित फासले के विषय में स्थानीय बिजली कर्मचारी की सलाह लें। खेतों खलिहानों में ऊँची - ऊँची घास की गंजी, कटी फसल की ढेरियॉ, झोपड़ी मकान तंबू आदि विद्युत लाईनों के नीचे अथवा अत्यंत समीप न बनायें। विद्युत लाईनों के नीचे से अनाज, भूसे आदि की ऊंचाई तक भरी हुई गाड़ियॉ न निकालें इससे आग लगने एवं प्राण जाने का खतरा है। गॉव और शहरों में होली का उत्सव मनाने के दौरान बहुत सी लकड़ियों को इकट्ठा कर चौराहों पर होलिका दहन किया जाता है। यदि विद्युत लाईनें ऊपर से जा रही हों तो तारों के नीचे होली नहीं जलानी चाहिए। क्योंकि आग की लपटों से एल्यूमिनियम के तारों के गलने और टूटने की संभावना होती है। बहुत से स्थानों पर बच्चे पतंग अथवा लंगर का खेल खेलने के दौरान तरह-तरह के धागे, डोर विद्युत की लाईनों में फंसा देते हैं। ऐसा करने से उन्हें रोकें। लाईनों में फंसी पतंग निकालने के लिए बच्चों को कभी भी खंभे पर चढने ना दें। विद्युत लाईन पर तार या झाडियॉ न फेंके एवं लाईनों के नीचे ऊंचे तथा फलदार वृक्ष ना लगायें। यदि कोई ऐसा करता है तो इसकी सूचना पास के पुलिस थाने या विद्युत कंपनी के वितरण केन्द्र में दें। विद्युत लाईनों के पास लगे वृक्ष या उसकी शाखा न काटें यदि कटी डाल लाईन पर गिरती है तो आपके लिए घातक सिद्ध हो सकता है। अपने खेत, खलिहान, घर या संपत्ति की सुरक्षा के लिये अवरोधक तारों (फेंसिंग वायर्स) में विद्युत प्रवाहित न करें। यह कानूनी अपराध भी है इस प्रकार विद्युत का उपयोग करने वालों पर कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। इस तरह से विद्युत सुरक्षा को लेकर आप भी सचेत रहें, और दूसरों को भी सचेत करें, ताकि किसी तरह की कोई दुर्घटना घटित न हों। आवश्यक जानकारी के लिये कंपनी के टोल फ्री नं.1912 पर कॉल लगाएं या फिर वितरण केन्द्र से संपर्क स्थापित करें।

# 476 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक मटेरियल जप्त कर 61 हजार रूपये से अधिक का किया जुर्माना



**ग्वालियर।** नगर निगम ग्वालियर एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की संयुक्त कार्यवाही में राम मंदिर फालका बाजार में बड़ी कार्यवाही करते हुए 350 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक मटेरियल जप्त कर जुर्माना अधिरोपित किया गया। कार्यवाही के दौरान मदाखलत अधिकारी श्री शैलेन्द्र चौहान, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सहायक यंत्री श्री शुभम साहू, रसायनज्ञ श्री केएस राठौर सहित मदाखलत अमला मौजूद रहा। नोडल अधिकारी श्री केशव सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार प्रतिबंधित प्लास्टिक पर कार्यवाही की गई। जिसमें आज बड़ी कार्यवाही करते हुए राम मंदिर फालका बाजार स्थित एसबी प्लास्टिक पर कार्यवाही कर 350 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक मटेरियल को जप्त किया गया तथा जुर्माना अधिरोपित किया गया। इसके साथ ही माधौगंज में ओ जे एंटरप्राइजेज से 52 किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन जप्त कर 5 हजार रूपये का जुर्माना वसूला गया। यह कार्यवाही नगर निगम ग्वालियर एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा संयुक्त रूप से की गई। निगम के स्वास्थ्य अमले ने 56 हजार रूपये से अधिक का किया जुर्माना, 74 किलो से अधिक जप्त की प्रतिबंधित पॉलीथिन मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वैभव श्रीवास्तव एवं डॉ. अनुज शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजनों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर गंदगी करने वाले दुकानदारों एवं आमजनों पर नगर निगम द्वारा जुर्माना लगाया जा रहा है । जिसके तहत आज दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के चावड़ी बाजार में दुकानदारों पर अमानक पॉलीथिन पर बड़ी कार्यवाही करते हुए कृष्णा प्लास्टिक पर 15000 रूपये का जुर्माना वसूला तथा 23 किलो अमानक पॉलीथिन जप्त की गई। इसके साथ ही श्रीजी प्लास्टिक पर 20000 रूपये का जुर्माना वसूला गया तथा 41 किलो प्लास्टिक और 100 पैकेट थर्माकोल जप्त किये गए। साथ ही जय माता जी प्लास्टिक पर 8 हजार रूपये का जुर्माना वसूला गया। 10 किलो डिस्पोजल जप्त किए गए। इसी प्रकार श्यामलाल पर अमानक पॉलीथिन पर 1000 रूपये का जुर्माना किया गया। इसके साथ ही मीट मांस की दुकानों पर गंदगी पाये जाने पर 1250 रूपये का जुर्माना किया गया तथा रेड स्पॉट करने वाले पर 100 रुपए का जुर्माना किया गया। इसके साथ ही वार्ड 38 एवं 39 में गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों से 5000 रूपये का जुर्माना वसूला गया। कार्यवाही के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी श्री भीष्म कुमार पमनानी, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री रामचंद्र धौलपुरिया, फ्लाइंग स्पोर्ट प्रभारी धर्मेंद्र धौलपुरिया, डब्ल्यूएचओ श्री पूरन डागोर, श्री राहुल पथरोल, सहायक श्री अनिल, श्री परमानंद आदि उपस्थित रहे। इसके साथ ही ग्वालियर एवं ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा में गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माने की कार्यवाही की गई। जिसमें वार्ड 36 में गंदगी फैलाने पर 1100 रूपये एवं वार्ड 65 गंदगी फैलाने वालों से 5000 रूपये का जुर्माना वसूला गया। कार्यवाही के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी श्री अजय ठाकुर, श्री विवेक त्यागी, जेडएचओ एवं डब्ल्यूएचओ उपस्थित रहे।

# विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम 2025 हेतु युवा 16 मार्च तक माय भारत पोर्टल के माध्यम से कर सकते हैं आवदेन

**ग्वालियर।** मेरा युवा भारत के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र संगठन (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित होने वाले विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम 2025 हेतु 16 मार्च 2025 तक आवेदन कर सकते हैं जिसका आयोजन इस बार नोडल ज़िले ग्वालियर द्वारा किया जाएगा। जिसके अंतर्गत 4 ज़िले ग्वालियर, भिंड, मुरैना और दतिया को रखा गया है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए जिला युवा अधिकारी नेहा जादौन ने बताया कि कार्यक्रम में सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों व अन्य शैक्षिक संस्थाओं के 18 से 25 आयु वर्ग के युवा एवं गैर छात्र/छात्राएं आदि युवा प्रतिभागिता कर सकते हैं। उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए युवाओं को विषय - विकसित भारत पर युवाओं के विचार के वक्तव्य की 1 मिनट की विडियो को रिकॉर्ड कर मेरा युवा भारत पोर्टल पर अपलोड करना होगा, जिसे स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा जाँच उपरांत प्रतिभागी को नोडल जिले द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभागिता करने का अवसर दिया जाएगा। चार ज़िलों से कुल 150 युवाओं को नोडल जिले पर आयोजित प्रतियोगता में भाग लेने का अवसर दिया जाएगा, जिसका विषय - एक राष्ट, एक मतदान विषय होगा जिस पर युवाओं को 3 मिनट का वक्तव्य रखने का समय दिया जाएगा तथा नोडल जिले स्तर की प्रतियोगिता से 10 विजेताओं को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु विधान सभा में आमंत्रित किया जाएगा। तत्पश्चात 3 राज्य स्तरीय विजेताओं को राष्ट्रीय स्तरीय विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम हेतु संसद भवन नई दिल्ली में प्रतिभाग करने का अवसर प्राप्त होगा। इस प्रतियोगिता में पंजीकरण करने की अंतिम तिथि 16 मार्च 2025 निर्धारित की गई है व अधिक जानकारी मेरा युवा भारत पोर्टल www.mybharat.gov.in पर जाकर प्राप्त कर सकते हैं ।

# जिला मूल्यांकन समिति की बैठक 08 मार्च को

**ग्वालियर।** ग्वालियर जिले में अचल सम्पत्ति के बाजार मूल्य वर्ष 2025-26 की गाइडलाइन निर्धारण हेतु उप जिला मूल्यांकन समिति ग्वालियर, डबरा एवं भितरवार से प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। प्राप्त प्रस्तावों को अंतिम रूप देने के लिये जिला मूल्यांकन समिति के सदस्यों की बैठक 8 मार्च को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। वरिष्ठ जिला पंजीयक एवं संयोजक जिला मूल्यांकन समिति ने मूल्यांकन समिति के सभी सदस्यों को निर्धारित समय पर बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को किया जायेगा सम्मानित

**ग्वालियर।** बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शिक्षा, खेल, संस्कृति आदि के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं, छात्राओं, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया जायेगा। यह कार्यक्रम 8 मार्च को प्रातः 11 बजे बाल भवन में आयोजित होगा।

# बैंकर्स लक्ष्य के अनुसार हितग्राहियों को ऋण वितरण करायें ताकि बजट का सदुपयोग हो सके-कलेक्टर

## कलेक्टर की अध्यक्षता में डीएलसीसी की बैठक संपन्न



**मुरैना,कांस।** कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना की अध्यक्षता में डीएलसीसी की तिमाही बैठक गुरूवार को अपरान्ह 4 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मुरैना में संपन्न हुई। इस दौरान कलेक्टर ने सभी बैंकर्स से कहा कि हितग्राहियों को ऋृण लक्ष्य के अनुसार वितरित करायें, ताकि 31 मार्च तक बजट का सदुपयोग हो सके। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री आरके गोस्वामी, आरबीआई भोपाल से श्री सौम्यदीप चटर्जी, नाबार्ड से श्री आशीष श्रीवास्तव एवं समस्त विभागों के अधिकारी तथा संबंधित बैंको के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने शासकीय योजनाओं के लंबित आवेदनों का तुरंत निराकरण करने के निर्देश दिये। आरबीआई भोपाल के श्री सौम्यदीप चटर्जी द्वारा साख जमा अनुपात तिमाही दिसंबर 2024 में 85.87 प्रतिशत प्राप्त करने पर प्रशंसा व्यक्त की। इंडियन बैंक द्वारा 40 प्रतिशत से कम प्राप्ती पर आगामी बैठक में बैठक से पूर्व सुधार करने के निर्देश दिये। बैठक के अंत में अग्रणी जिला प्रबंधक श्री एन के मंगल द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया।

# एसडीएम सबलगढ़ ने परीक्षा केन्द्र का किया निरीक्षण



**मुरैना सबलगढ़/** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी की परीक्षा संचालित की जा रही है। परीक्षा में अनुचित साधन का उपयोग न हो। इस संबंध में कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने समस्त राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये है कि अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर परीक्षाओं को पारदर्शी सम्पन्न करायें। इसके तहत एसडीएम सबलगढ़ श्री अरविन्द माहौर ने शुक्रवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परीक्षा केन्द्र सबलगढ़ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परीक्षायें स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराई जा रहीं थीं।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मुरैना में दस दिवसीय बैगलेस कार्यक्रम सम्पन्न

## व्यावहारिक और रचनात्मक गतिविधियों से छात्र जुड़े



**मुरैना,कांस।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मुरैना में नई शिक्षा नीति के तहत फरवरी माह से चल रहे बैगलेस शिक्षा कार्यक्रम 07 मार्च को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस विशेष पहल का उद्देश्य छात्रों को पुस्तकों के बोझ से मुक्त कर व्यावहारिक और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना था। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में बन रहे वोकेशनल लैब पर ले जाकर छात्रों को भवन निर्माण की बुनियादी तकनीकों की जानकारी दी गई, इसमें छात्रों को नींव तैयार करने, दीवार बनाने और सीमेंट के कार्यों की जानकारी दी गई। कुकिंग के अंतर्गत विद्यालय की ही अभिभावक श्रीमती ज्योति तोमर के निर्देशन में छात्रों ने बिना आग के स्वादिष्ट और पौष्टिक व्यंजन बनाना सीखा। इसके साथ ही विभिन्न प्रशिक्षकों ने छात्रों को उपकरणों के उपयोग, सुरक्षा उपायों तथा विभिन्न तकनीकों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

# नेशनल लोक अदालत आज



**मुरैना,कांस।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती संगीता मदान के मार्गदर्शन में 08 मार्च 2025 को जिला न्यायालय परिसर मुरैना एवं तहसील विधिक सेवा समिति अम्बाह, जौरा और तहसील विधिक सेवा समिति सबलगढ़ में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत में दीवानी प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण से संबंधित प्रकरण, बैंकों के प्रकरण, विद्युत अधिनियम से संबंधित प्रकरण, चैक के अनादरण से संबंधित प्रकरण एवं न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य दाण्डिक प्रकरणों तथा प्रीलिटिगेशन प्रकरणों आदि का निराकरण पक्षकारों के आपसी समझौते के आधार पर किया जायेगा। नेशनल लोक अदालत के आयोजन को सफल बनाए जाने के उद्देश्य से शहरी एवं सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न माध्यमों से नेशनल लोक अदालत का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार संपूर्ण मुरैना जिले में किया जा रहा है। इसके साथ ही पैरालीगल वालेंटियर्स को भी नेशनल लोक अदालत के प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं होली का त्यौहार- अमिता सिंह तोमर



**बीरपुर।** रंगों के त्योहार होली व रंगपंचमी को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन शुक्रवार को थाना परिसर में किया गया। जिसमें तहसीलदार श्रीमती अमिता सिंह तोमर व थाना प्रभारी धर्मेन्द्र मालवीय मौजूद रहे। बैठक में होली का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाए जाने पर अधिकारियों ने उपस्थित प्रमुख राजनेता,गणमान्यनागरिक व पत्रकारों से चर्चा की व उनके विचार जाने। इस अवसर पर तहसीलदार श्रीमती तोमर ने कहा कि होली का त्योहार सद्भावना पूर्वक कानून का पालन करते हुए मनाएं। थाना प्रभारी श्री मालवीय ने कहा कि बाजारों में कोई भीड़ व बैंडबाजे,डीजे जुलूस पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा,होलिका दहन भी शांतिपूर्ण तरीके से किया जाए, होली के दो दिन ड्राय-डे रहेगा,पुलिस की सख्त नजर रहेगी।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

# विकास की धुरी बन रही प्रदेश की सशक्त नारी



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

द्वारा

**1.27 करोड़ लाड़ली बहनों को ₹ 1552.73 करोड़**

**26 लाख बहनों को सिलेंडर रीफिलिंग राशि ₹ 55.95 करोड़ का अंतरण**



## स्व-सहायता समूह सम्मेलन

*(सुरक्षित शहर एवं सार्वजनिक स्थल)*

## क्षेत्रीय सम्मेलन का शुभारंभ

## राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण

D-11208/24

8 मार्च, 2025 । पूर्वाह्न 11:00 बजे । कुशाभाऊ ठाकरे सभागार, भोपाल

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025